राष्ट्रीय दैनिक



# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



फिल्म पुष्पा 2 में भी दिखेंगी...8





दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

सोमवार, 16 जनवरी 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 27 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/—रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड— SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड—133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


# पोखरा हवाईअड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान में 72 यात्रियों की मौत

पोखरा। नेपाल के पोखरा हवाईअड्डे के पास 72 लोगों को लेकर जा रहा यात्री विमान एटीआर—72 दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान काठमांडू से पोखरा जा रहा था। यति एयरलाइंस के विमान में 68 यात्री और चालक दल के चार सदस्य सवार थे। बचाव कार्य जारी है और हवाईअड्डे को फिलहाल के लिए बंद कर दिया गया है। येती एयरलाइंस की फ्लाइट में 5 भारतीय सवार थेः यात्री विमान कथित तौर पर उतरने से सिर्फ दस सेकंड पहले दुर्घटनाग्रस्त हो गया। एयर




ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) के स्टाफ के मुताबिक पोखरा का रनवे पूर्व—पश्चिम दिशा में बना है। प्रारंभ में पायलट ने पूर्व से लैंडिंग के लिए कहा और अनुमति दी गई। हालांकि, बाद में पायलट ने पश्चिम दिशा से उतरने की अनुमति मांगी और उसे फिर से अनुमति दे दी गई। लेकिन लैंडिंग से दस सेकंड पहले विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पोखरा घाटी में दिन साफ था और मौसम की स्थिति प्रतिकूल नहीं थी। दुर्घटनाग्रस्त विमान एटीआर—72 था, जो पर्वतीय क्षेत्र में एक विमानन कार्यक्षेत्र था। क्रेश के कारणों का पता ब्लैकबॉक्स के डेटा के विश्लेषण के बाद ही चलेगा। तकनीकी खराबी के कारण हुआ हादसाः नेपाल हवाईअड्डा प्राधिकरण के अधिकारियों ने कहा कि दुर्घटना तकनीकी खराबी के कारण हुई। पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) से लैंडिंग की अनुमति ली और इसके लिए हामी भर दी गई। नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने कहा कि लैंडिंग से ठीक पहले विमान में आग की लपटें देखी गईं, इसलिए दुर्घटना के लिए प्रतिकूल मौसम की स्थिति से इनकार किया।

## नेपाल के विमान में सवार 72 यात्रियों में 5 भारतीय

एयरपोर्ट अथॉरिटी के मुताबिक, 53 नेपाली, 5 भारतीय, 4 रूसी, 1 आयरिश, 2 कोरियाई, 1 अर्जेंटीना और एक फ्रांसीसी नागरिक विमान में सवार थे। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने विमान हादसे में मरने वालों की संख्या 36 होने को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। भारत के नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि नेपाल में एक दुखद विमान दुर्घटना में लोगों की मौत बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। येती एयरलाइंस के प्रवक्ता सुदर्शन बरतौला ने कहा, षविमान में 2 शिशुओं सहित 10 विदेशी नागरिक थे।ष

## नेपाल के प्रधानमंत्री, गृह मंत्री ने बचाव अभियान की समीक्षा की

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल श्प्रचंडश और गृह मंत्री रबी लामिछाने विमान दुर्घटना के कारणों को समझने और बचाव की स्थिति की समीक्षा करने के लिए त्रिभुवन हवाईअड्डे पहुंचे।

# दिल्ली, पंजाब, हरियाणा में कड़ाके की ठंड, फरीदकोट में हुआ तापमान शून्य

चंडीगढ़। राष्ट्रीय राजधानी में रविवार सुबह न्यूनतम तापमान



सामान्य से तीन डिग्री कम 4.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पंजाब और हरियाणा के कई हिस्सों में रविवार को भी कड़ाके की ठंड का प्रकोप जारी रहा। इस दौरान फरीदकोट इस क्षेत्र का सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम विभाग द्वारा यहां जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, पंजाब के फरीदकोट में तापमान शून्य से एक डिग्री नीचे दर्ज किया गया।

दिल्ली में सर्द सुबह, तापमान 4.7 डिग्री सेल्सियस दर्जः भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी। मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक रविवार सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्ष आर्द्रता 74 प्रतिशत दर्ज की गई। बहरहाल, मौसम विभाग ने आज पूरे दिन आसमान साफ ध्रहने और अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, दिल्ली—एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में इस सप्ताह फिर से शीतलहर चलने और न्यूनतम तापमान लगभग तीन डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

## पंजाब में ठंड का कहर, तापमान 1 डिग्री पहुंचा

पंजाब के अन्य स्थानों में, अमृतसर कड़ाके की ठंड की चपेट में है और वहां न्यूनतम तापमान 1.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा लुधियाना, पटियाला, पठानकोट, बठिंडा और गुरदासपुर में न्यूनतम तापमान क्रमशरू 4.9, 4.2, 8, एक और 3.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पंजाब और हरियाणा की साझा राजधानी केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ में तापमान 6.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## हरियाणा में भी भीषण ठंड

इस बीच, पड़ोसी राज्य हरियाणा में अम्बाला का न्यूनतम तापमान 5.6 डिग्री सेल्सियस जबकि हिसार का न्यूनतम तापमान 4.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा नारनौल, रोहतक, भिवानी और सिरसा में न्यूनतम तापमान क्रमशरू 4, 5.2, 4.7 और 1.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# मकर संक्रांति पर पवित्र स्नान के लिए गंगासागर पहुचे लाखों श्रद्धालु, भीड़ के दो लोगों की मौत

सागर आइलैंड। पश्चिम बंगाल में दक्षिण 24 परगना जिले के सागर आइलैंड स्थित गंगासागर में शनिवार को मकर संक्रांति के अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान किया। अधिकारियों ने बताया कि इस दौरान दो लोगों की हृदय गति रुकने से मौत हो गई, जिनकी उम्र 70 साल के आसपास थी। एक अन्य व्यक्ति की शुक्रवार को मौत हुई थी। मेला का प्रभार संभाल रहे पश्चिम बंगाल के ऊर्जा एवं खेल मंत्री अरुप बिश्वास ने बताया, ''पांच जनवरी से लेकर 14 जनवरी को मंकर संक्रांति तक करीब 40 लाख श्रद्धालु गंगासागर मेला में आ चुके हैं, जिनमें से अधिकतर अपने—अपने घरों को लौट चुके हैं।'' अरुप बिश्वास ने बताया कि शनिवार को शाम छह बजकर 53 मिनट पर मकर संक्रांति का स्नान करने की संभावना है।



स्नान शुरू हुआ और सर्दी के बावजूद लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई और कपिल मुनि आश्रम में दर्शन किए। बिश्वास के मुताबिक, स्नान 24 घंटे तक चलेगा और कई श्रद्धालुओं के रविवार को उन्होंने बताया कि दो श्रद्धालुओं की शनिवार को मौत हो गई, जिनकी पहचान ओडिशा के रहने वाले 72 वर्षीय प्रताप चंद्र गिरि और बिहार निवासी 73 वर्षीय बियोला देवी के तौर पर की गई है। मंत्री ने बताया कि अब तक 3,500 श्रद्धालुओं ने 'ई—स्नान' सेवा का लाभ लिया है, जिसके तहत ऑनलाइन ऑर्डर करने पर व्यक्ति के घर पर गंगासागर का पवित्र जल पहुंचाया जाता है। उन्होंने बताया कि गंगासागर मेला के दौरान ई—दर्शन के माध्यम से अब तक करीब 60 लाख लोगों ने कपिल मुनी मंदिर में दर्शन किए हैं। बिश्वास ने बताया कि अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, स्पेन, रूस, यूक्रेन, न्यूजीलैंड, ब्राजील और देश के अलग—अलग हिस्सों के श्रद्धालुओं ने सागर प्रवचन कार्यक्रम में हिस्सा लिया है, जिसमें अध्यात्म और शांति का संदेश दिया जाता है। उन्होंने बताया कि पहली बार राज्य के सूचना एवं संस्कृति विभाग ने मेला क्षेत्र में सात भाषाओं—बांग्ला, भोजपुरी, हिंदी, मराठी, उड़िया, तमिल और तेलुगु में उद्घोषणा की व्यवस्था की है, ताकि अलग—अलग राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं को सहूलियत हो। मंत्री ने बताया कि मेले में सुरक्षा के कड़े उपाय किए गए हैं और अब तक विभिन्न अपराधों के सिलसिले में पुलिस ने कुल 35 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस बीच, तटरक्षक बल और आपदा प्रबंधन दल के कर्मियों ने तटरेखा पर चौकसी बढ़ा दी है तथा पुलिस और सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों को मेला मैदान में तैनात किया गया है। गंगासागर मेले पर नजर रखने के लिए 1,000 से अधिक सीसीटीवी कैमरे और 25 ड्रोन तैनात किए गए हैं।

# कपिल सिब्बल ने ''भारत जोड़ो यात्रा'' और राहुल गांधी की तारीफ की

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व नेता और राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने रविवार को 'भारत जोड़ो यात्रा' की प्रशंसा करते हुए कहा कि राहुल गांधी समाज के अलग—अलग तबकों को एक साथ लाने में कामयाब रहे हैं और उन्हें यह अहसास कराया है कि देश में एकता कितनी जरूरी है। पिछले साल कांग्रेस छोड़ने वाले सिब्बल ने कहा कि पार्टी की कन्याकुमारी से कश्मीर तक की यात्रा सफल प्रतीत होती है और इसे गैर—कांग्रेसी तत्वों का समर्थन भी मिला है। सिब्बल ने 'पीटीआई—भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा कि वैचारिक रूप से यात्रा एक ''शानदार विचार'' है। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि वह (राहुल) अपनी पदयात्रा के दौरान समाज के



अलग—अलग तबकों को एक साथ लाने में कामयाब रहे हैं और उन्हें यह अहसास कराया है कि हमारे देश में एकता सुनिश्चित करना कितना जरूरी है तथा विविधता के लिए सम्मान हमारे देश के आगे बढ़ने के लिए अहम है।'' पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''हां, 'भारत जोड़ो यात्रा' कुछ ऐसी है जिसकी प्रशंसा करने की आवश्यकता है। अब जहां तक इसके राजनीतिक असर का संबंध है, मुझे लगता है कि लोग इस यात्रा के पीछे की अवधारणा को भ्रमित कर रहे हैं और इसे पूरी तरह राजनीतिक कृत्य से जोड़ रहे हैं जो मुझे नहीं लगता है कि यह राजनीतिक है।''

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजग ही जीतेगा 2024 का लोकसभा चुनाव:धर्मेंद्र प्रधान

कोलकाता। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) 2024 के लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करेगा और फिलहाल देश में प्रधानमंत्री पद के लिए कोई रिक्ति नहीं है। नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन के




ममता बनर्जी को लेकर दिए गए बयान के बारे में पूछे जाने पर केंद्रीय मंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि देश के मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भरोसा है कि लोग उनके साथ खड़े रहेंगे और चुनाव में उनका समर्थन करेंगे। दरअसल, अमर्त्य सेन ने कहा था कि तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी में प्रधानमंत्री बनने की क्षमता है। प्रधान ने कोलकाता के दक्षिणी बाहरी इलाके सोनारपुर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की संगठनात्मक बैठक से पहले संवाददाताओं से कहा, ''भारत में प्रधानमंत्री पद के लिए फिलहाल कोई पद रिक्त नहीं है। देश के लोगों ने लगातार दो बार नरेंद्र मोदी पर भरोसा जताया है।'' उन्होंने कहा कि गरीबों, महिलाओं, युवाओं, पिछड़ों और ग्रामीण लोगों ने चुनाव में मतदान कर मोदी को देश चलाने की जिम्मेदारी दी है। प्रधान ने कहा, ''इसमें कोई संदेह नहीं है कि 2024 में मोदी के नेतृत्व में राजग फिर से जीतेगा।'' नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अमर्त्य सेन ने शनिवार को पीटीआई—को दिए विशेष साक्षात्कार में कहा था कि यह सोचना ''भूल'' होगा कि 2024 का लोकसभा चुनाव एकतरफा तरीके से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पक्ष में होगा।

# Line of Actual Control पर मजबूत रक्षात्मक रुख अपनाया जा रहाः थलसेना प्रमुख

बेंगलुरु। थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने रविवार को कहा



कि भारतीय सेना वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर एक मजबूत रक्षात्मक रुख अपनाए हुए है और वह हर प्रकार की आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। जनरल पांडे ने यहां 'तउल कंल' समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तरी सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति है और स्थापित प्रोटोकॉल एवं मौजूदा तंत्र के माध्यम से शांति बनाए रखने के लिए कदम उठाए गए हैं। थलसेना प्रमुख ने पश्चिमी सीमा पर स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर संघर्षविराम जारी है और इसके उल्लंघन के मामलों में कमी आई है, लेकिन सीमा के दूसरी तरफ आतंकवादी ढांचा बरकरार है। उन्होंने कहा, ''आतंकवाद से निपटने का हमारा तंत्र घुसपैठ की कोशिशें नाकाम कर रहा है।'' जनरल पांडे ने जम्मू और पंजाब के सीमावर्ती इलाकों में ड्रोन के जरिए हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी की कोशिशों का जिक्र करते हुए कहा कि इनसे निपटने के लिए ड्रोन जैमर का इस्तेमाल किया जा रहा है।






# न्यायालय भू-धंसाव संकट से संबंधित याचिका पर आज करेगा सुनवाई

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय उत्तराखंड के जोशीमठ में भू—धंसाव संकट को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने के लिए अदालत के हस्तक्षेप के अनुरोध वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड 16 जनवरी की वाद सूची के अनुसार प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी एस नरसिंह और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करेगी। बद्रीनाथ और हेमकुंड साहिब जैसे प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों और स्कीइंग के लिए मशहूर औली का प्रवेश द्वार जोशीमठ भू—धंसाव के कारण एक बड़ी चुनौती का सामना कर रहा है। जोशीमठ धीरे—धीरे धंस रहा है, मकानों में, सड़कों और खेतों में बड़ी—बड़ी दरारें पड़ रही हैं। स्थानीय लोगों ने कहा है कि कई मकान झुक गए हैं



और धंस रहे हैं। शीर्ष अदालत ने 10 जनवरी को यह कहते हुए याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया था कि स्थिति से निपटने के लिए ''लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित संस्थाएं'' हैं और सभी महत्वपूर्ण मामले उसके पास नहीं आने चाहिए। अदालत ने सरस्वती की याचिका को 16 जनवरी को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया था। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील द्वारा याचिका का उल्लेख करने और इसे तत्काल सूचीबद्ध करने का अनुरोध किए जाने के बाद प्रधान न्यायाधीश ने कहा था, ''हर महत्वपूर्ण चीज हमारे पास लाने की जरूरत नहीं है। इसे देखने के लिए लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित संस्थाएं हैं।

हम इसे 16 जनवरी को सूचीबद्ध करेंगे।'' याचिकाकर्ता ने दलील दी है कि यह संकट बड़े पैमाने पर औद्योगीकरण के कारण हुआ है और उत्तराखंड के लोगों के लिए तत्काल वित्तीय सहायता तथा मुआवजा दिया जाना चाहिए। याचिका में इस चुनौतीपूर्ण समय में जोशीमठ के निवासियों को सक्रिय रूप से समर्थन देने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया है। सरस्वती की याचिका में कहा गया है, ''मानव जीवन और उनके पारिस्थितिकी तंत्र की कीमत पर किसी भी विकास की आवश्यकता नहीं है और अगर ऐसा कुछ भी होता है, तो यह राज्य और केंद्र सरकार का कर्तव्य है कि इसे तुरंत युद्ध स्तर पर रोका जाए।

# मसौली पत्रकार संघ का किया गया गठन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

मसौली,बाराबंकी। वरिष्ठ पत्रकार अशोक वर्मा की अध्यक्षता में रविवार को क्षेत्रीय पत्र प्रतिनिधियों की बैठक सम्पन हुई जिसमें



मसौली पत्रकार संघ का गठन करते हुए पत्रकार नूर मोहम्मद को सर्वसम्मति से संघ का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। गठन के पश्चात पत्रकार साथियों ने संगठन के प्रति निष्ठा रखने का संकल्प लिया। बैठक में संगठन के कार्यों उद्देश्य पर विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें निर्णय लिया गया कि यह संगठन हमेशा समाज के उत्थान के लिए अग्रसर रहेगा तथा समाज सभी के सुख–दुःख में शामिल होगा। पत्रकार साथियों ने मौजूदा दौर की पत्रकारिता और उसकी चुनौतियों तथा समस्याओं पर अपने–अपने विचार रखे। बैठक के पश्चात मसौली पत्रकार संघ का गठन किया गया जिसमे पत्रकार नूर मोहम्मद को अध्यक्ष, राकेश सैनी को उपाध्यक्ष, ललित सैनी महासचिव, अखिलेश वर्मा को संगठन मंत्री, सन्तोष वर्मा को कोषाध्यक्ष, आदर्श रावत को मीडिया प्रभारी जिम्मेदारी सौपी गयी है। गठन के पश्चात के बाद संघ के संरक्षक अशोक वर्मा ने सभी पत्रकार साथियों को समाज मे फैली अव्यवस्थो को ईमानदारी के साथ उजागर करने का संकल्प दिलाते हुए पद व गोपनियता की शपथ दिलाई। बैठक में पत्रकार मोनू यादव, राहुल कुमार, पंकज श्रीवास्तव, अवधेश कुमार वर्मा, सरवर अली, विकास चौहान, रामसरन मौर्य, रिजवान अहमद, पिंकू सैनी, महेंद्र प्रताप सिंह, अब्दुल मोमिन, मो0 फैज सहित समस्त पत्रकार बन्धु मौजूद रहे।

# योग एवं आध्यात्म से होगी तनावमुक्त जिंदगी: मेघदीप नंद





- आनंद मार्ग स्कूल जरवा में एक दिवसीय योग एवं अध्यात्म शिविर का हुआ आयोजन
- स्वस्थ एवं तनाव मुक्त रहने के लिए एसोसिएशन पदाधिकारियों को मिला योग व अध्यात्म का टिप्स

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बलरामपुर। प्रकृति की सुरम्य वादियों को देखना हो तो जिले का सुहेलवा वन्य जीव प्रभाग के साथ पड़ोसी देश नेपाल का लमही पर्यटन के क्षेत्र में सबसे आगे हैं इन खूबसूरत वादियों का भ्रमण करने का अवसर यूपी सेल्फ फाइनेंस मैनेजर प्रिंसिपल वेलफेयर एसोसिएशन के टीम को मिला है टीम ने जंगल पहाड़ झरना मंदिर आदि दार्शनिक स्थलों का भ्रमण कर पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया है। यूपी सेल्फ फाइनेंस मैनेजर प्रिंसिपल वेलफेयर एसोसिएशन का एक दिवसीय योग एवं अध यात्म का कार्यक्रम आयोजित हुआ कार्यक्रम जरवा के आनंद मार्ग स्कूल सभागार में किया गया। एसोसिएशन पदाधिकारियों को विद्यालय आश्रम में योग एवं आध्यात्म के प्रशिक्षण देकर उन्हें तनाव मुक्त एवं स्वस्थ खुशहाल जिंदगी जीने का टिप्स बताया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर एमपी तिवारी रहे हैं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय प्रबंधक एवं योग अध्यात्म गुरु आचार्य मेघदीप नंद ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया उनके साथ आए हुए एसोसिएशन की पूरी टीम को भी सम्मानित करते हुए योग एवं आध्यात्मिक बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी है उन्होंने कहा कि स्वस्थ निरोगी एवं तनाव मुक्त जिंदगी के लिए योग एवं आध्यात्म जरूरी है उन्होंने पूरी टीम को विभिन्न योग के साथ आध्यात्मिक से जुड़ने का प्रशिक्षण देते हुए तनाव मुक्त जिंदगी जीने का रास्ता बताया है मुख्य अतिथि ने कहा कि जिले का सबसे पुराना आवासीय विद्यालय आनंद मार्ग है जहां पर जिले के विभिन्न राजनीतिक पद प्रतिष्ठा में पहुंचे लोग इसी विद्यालय के शिष्य रहे हैं इस विद्यालय में हम सभी को योग एवं अध्यात्म का प्रशिक्षण मिलना सौभाग्य की बात है पूरी टीम ने आचार्य मेघदीप नंद का आभार जताते हुए सदैव स्कूलों में बच्चों को योग एवं आध्यात्म के बारे में प्रशिक्षण देने की अपील की है इस अवसर पर एसोसिएशन के एसोसिएशन संयोजक एवं बलरामपुर मॉडर्न इंटर कॉलेज के बोर्ड आफ ट्रस्टीस डॉ अविनाश पाण्डेय गोंडा जिला अध्यक्ष रितेश अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि बलरामपुर जिले का से हलवा एवं नेपाल का लमही वाकई प्रकृति की गोद का अद्भुत नजारा है जिसकी खूबसूरती का जितना आनंद लिया जाए कम है महिला पदाधिकारी गीता इंटरनेशनल प्रिंसिपल नीलम अग्रवाल सुवंश मिलेनियम इंटर कॉलेज की प्रिंसिपल रीना सिंह श्री राम पब्लिक स्कूल मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव रस्तोगी ने संयुक्त रूप से कहा कि एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम शिक्षा स्वास्थ्य सहित तनावमुक्त जिंदगी के लिए प्रेरणा स्रोत रहा है एसोसिएशन महासचिव डॉ पम्मी पांडे संयुक्त सचिव एवं सरदार वल्लभभाई पटेल इंटर कॉलेज की प्रिंसिपल रीता चौधरी अटलांटा पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल वीर गौरव सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि बलरामपुर के इंडो नेपाल बॉर्डर स्थापित घने जंगल में माता रहिया देवी का मंदिर सिद्ध स्थल है श्रद्धालुओं की मनोकामना पूरी होने के साथ–साथ औषधियों का भंडार है टीम का एक दिवसीय भ्रमण इस क्षेत्र में निश्चय ही अच्छी सीख देने वाला रहा है इस दौरान विभिन्न स्कूलों के प्रबंधकों सहित एसोसिएशन के पदाधिकारकार्यक्रम में शामिल रहे हैं।

# दुकान का ताला तोड़कर चोरी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उसका बाजार। क्षेत्र के मेहदियां बुजुर्ग ग्राम सभा अंतर्गत मेहदियां खुर्द टोला में शनिवार की रात बांध पर स्थित दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर समान उठा ले गए। बंधे पर संतोष पाण्डेय की जनरल स्टोर की दुकान है। शनिवार की शाम को दुकान बंद करके घर चले गए। सुबह आने पर देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ है, और उसमे से कीमती सामान जिसकी कीमत करीब 8 हजार है चोरी हो गया है। उन्होंने उसकी सूचना 112 नंबर पर दिया। सूचना देने पर म पुलिस आई थी। एसएचओ बलजीत राव का कहना है कि लिखित तहरीर नही मिली है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

# बड़ौदा यूपी बैंक में 12 लाख का गबन, तत्कालीन सहायक प्रबंधक निलंबित

कुशीनगर। जनपद के तुर्कपट्टी बाजार स्थित बड़ौदा यूपी बैंक की शाखा में 12 लाख 22 जार 760 रुपये के गबन का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में वर्तमान शाखा प्रबंधक ने तत्कालीन शाखा प्रबंधक और सहायक प्रबंधक सहित तीन अन्य बाहरी लोगों पर षड़यंत्र रचकर ग्राहकों के बचत खाते से अनाधिकृत अंतरण और निकासी कर धन हड़पने का आरोप लगाया है। उन्होंने तुर्कपट्टी थाना में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। इतना नही क्षेत्रीय कार्यालय स्तर से मामले में प्रारंभिक जांच के बाद तत्कालीन सहायक प्रबंधक उत्सव आनंद को निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार तुर्कपट्टी बाजार स्थित बड़ौदा यूपी बैंक के शाखा प्रबंधक ज्योति स्वरूप श्रीवास्तव ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि बाहरी व्यक्तियों ने तत्कालीन शाखा प्रबंधक टीपी नायक और तत्कालीन सहायक प्रबंधक उत्सव आनंद के साथ सांठ–गांठ कर शाखा के विभिन्न बचत खाताधारकों का पैसा अलग–अलग तिथियों पर बिना उनकी सहमति प्राप्त किए ही अंतरित कर लिया। ग्राहकों की रकम को धोखाधड़ी एवं कूटरचना करके अनाधिकृत रूप से हड़पा गया है। मामले में शाखा प्रबंधक ज्योति स्वरूप श्रीवास्तव के पूर्व तैनात रहे शाखा प्रबंधक टीपी नायक ने क्षेत्रीय प्रबंधक को अनियमितता के विषय में अवगत कराया था। आरोप था कि उत्सव आनंद डेबिट और क्रेडिट को गलत ढंग से एंट्री मे दिखाते हुए अपने बचत खाते में पैसे भेजते थे। तब उत्सव आनंद की अनुपस्थिति में खाता विवरण निकाला गया था। उसी समय अनियमितता मिली। यह हेराफेरी जून माह से चल रही थी। इस संबंध में तुर्कपट्टी बड़ौदा यूपी बैंक के शाखा प्रबंधक ज्योति स्वरूप ने बताया कि उच्चाधिकारियों से प्राप्त निर्देश के क्रम में प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश प्राप्त हुआ है। मामले में प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर तत्कालीन सहायक प्रबंधक को निलंबित कर दिया गया है। शेष पर कार्यवाही के लिए पुलिस को अवगत कराया गया है। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने का कहना है कि मामला संज्ञान में है।

# गरीबों में कंबल वितरित कर मनाया गया पुण्यतिथि

कुशीनगर। जनपद के खड्डा तहसील क्षेत्र के ग्राम शिवदत्त छपरा प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में स्वर्गीय योगेंद्र तिवारी के द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर कंबल वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता बद्रीनाथ तिवारी व संचालन प्रभाकर पांडेय ने किया तथा आयोजक आनंद तिवारी ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी खड्डा भावना सिंह ने कहा कि माता पिता की सेवा हमारे संस्कृति की विशेष पहचान है। जरूरतमंदों के बीच में सेवा करना समाज में एक अच्छा संदेश देता है। इस अवसर पर तहसीलदार खड्डा, भाजपा नेता मनोज कुमार पांडेय, सुप्रियमय मालवीय, ब्रह्मदेव तिवारी, रोशनलाल भारती, शाकिर अली, अनुराग सिंह, विकास सिंह, प्रभाकर पाण्डेय, बृजेश मिश्र, हरिगोविन्द रौनियार, आनंद तिवारी, आनन्द कुशवाहा, पिंटू सिंह, सुबोध कुशवाहा, नरसिंह गुप्ता, सरिता दूबे, पूनम मिश्र, सुमन शर्मा, कैलाश भारती, राजकुमार सिंह उपस्थित रहे।

# हरिकिरन हत्याकांड का खुलासा, तीन गिरफ्तार

## दिनेश कुमार हत्याकांड का खुलासा पैसों के साथ एक को भेजा जेल

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा घटना से सम्बन्धित अभियुक्तों की




गिरफ्तारी के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में स्वाटध्सर्विलांस टीम व थाना कोतवाली नगर पुलिस की संयुक्त टीम सहित इंटेलीजेन्स एवं डिजिटल डेटा की मदद से हत्या करने वाले तीन अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है हरिश्चन्द्र लोधी, गुन्जन कश्यप रुचि राजपूत पत्नी हरिशचन्द्र निवासिनी दक्षिण टोला बंकी थाना कोतवाली नगर बाराबंकी को सफेदाबाद रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से आला कत्ल डण्डा व मृतक का मोबाइल फोन बरामद किया गया। पुलिस की पूछताछ पर हरिश्चंद्र ने बताया कि मै अपने सगे मामा की लड़की से शादी किया हूँ ।मेरी पत्नी के गांव के ही हरिकरन राजपूत मेरी पत्नी से बातचीत करता था तथा 2022 में मेरी पत्नी व बच्चो को भगा ले गया था। हरिकरन जब मेरी पत्नी को लेकर गया था उसी समय सम्भवतः उसका आपत्तिजनक वीडियोध्फोटो बना लिया था । मै अपनी पत्नी व बच्चो के साथ लखनऊ में अमौसी एयरपोर्ट के पास कमरा लेकर रहता हूँ तथा मेहनत मजदूरी करता हूँ। इस बीच हरिकरन मेरी पत्नी को उसी वीडियो फोटो वायरल करने की धमकी देकर अपने पास आने को कह रहा था, जिससे परेशान होकर मेरी पत्नी ने यह मुझे बतायी। इस बात को मै अपने दोस्त गुंजन कश्यप को बताया और हम तीनो मिल कर हरिकरन को मारने की योजना बनायी। योजना के तहत मेरी पत्नी ने हरिकरन से मिलने के लिए रेलवे क्रासिंग बंकी के आगे लखनऊ की तरफ रेलवे की कोठरी में मिलने के लिए बुलाया। हरिकरन के वहां पहुचने पर हम तीनो लोगों ने मिल कर हरिकरन को पकड़ लिये और डण्डे से मारकर हरिकरन की हत्या कर दी।




*पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा घटना से सम्बन्धित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के आदेश के क्रम में थाना सुबेहा पुलिस टीम द्वारा वांछित अभियुक्त इबरान पुत्र मोहर्रम अली निवासी पूरे लाला मजरे सेमरावां थाना कोठी बाराबंकी देवीगंज चौराहे से गिरफ्तार किया कब्जे से 1,34,000ध–रुपये नकद बरामद किये गये, पूछताछ करने पर प्रकाश में आया कि दिनांक 11.01.2023 को उसका जीजा जब्बार उसके घर आया और बताया कि उसकी मुलाकात मृतक दिनेश कुमार से करीब 6 माह पहले ग्राम सराय चन्देल में हुई थी और उसने तंत्र–मंत्र का वीडियो दिखाकर मृतक को गड़ा हुआ धन प्राप्त होने का लालच देकर विश्वास में ले लिया है उसी के यहां चलना है। अभियुक्त इबरान व उसका जीजा अभियुक्त गब्बार ने योजनाबद्ध तरीके से मृतक दिनेश कुमार को बुलाकर उसकी हत्या कर दी थी तथा मृतक के पास मौजूद एक लाख चौरासी हजार रुपये को 50 हजार रुपये व अभियुक्त जब्बार को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।*

# सहभोज कार्यक्रम हुआ संपन्न

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। मकर संक्रांति के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सिद्धार्थनगर नगर नगर इकाई के तत्वधान में चलने वाली विविध शाखाओं पर सहभोज कार्यक्रम संपन्न हुआ। भीमापार में चलने वाली हनुमंत शाखा पर विभाग प्रचारक



प्रकाश ने बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कहा प्राचीन भारत में छुआछूत का नामोनिशान नहीं रहा। अनादि काल से भारत समरसता युक्त देश रहा है। बीच के कुछ कालखंड में बाहरी आक्रांताओं के शासनकाल में हिंदू समाज को तोड़ने के लिए भेदभाव फैलाने का प्रयास किया गया जो सफल रहा। आज पूरे भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने घरों में पर्व त्योहारों के अवसर पर समाज के कमजोर वर्ग के लोगों का सम्मान करेंगे। हमारे ऋषि–मुनियों ने छुआछूत को दूर करने के लिए हमें मंत्र दिया हिंदवः सोदरा सर्वे, न हिंदू पतितो भवेत। आगे उन्होंने संक्रांति की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मकर संक्रांति पूरे भारत और नेपाल में भिन्न रूपों में मनाया जाता है। पौष मास में जिस दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है उस दिन इस पर्व को मनाया जाता है। वर्तमान शताब्दी में यह त्योहार जनवरी माह के चौदहवें या पन्द्रहवें दिन ही पड़ता है, इस दिन सूर्य धनु राशि को छोड़ मकर राशि में प्रवेश करता है। बता दें कि आज नगर के तहसील परिसर में चलने वाली माधव प्रभात शाखा का सहभोज कार्यक्रम अंबेडकर पार्क में, भीमापार में चलने वाली हनुमंत शाखा का बुद्ध विद्या पीठ बालिका डिग्री कॉलेज में केशव प्रभात शाखा का विद्या मंदिर परिसर ,सिंहेश्वरी शाखा का सिंहेश्वरी मंदिर परिसर में तथा आजाद शाखा का मुडिला प्राथमिक विद्यालय में आयोजित हुआ। उक्त अवसर पर नगर प्रचारक अभय, जिला बौद्धिक प्रमुख राकेश मणि त्रिपाठी, शंभू गुप्ता, अंकित त्रिपाठी, सुदीप पांडेय, सुधीर भारद्वाज, रामकेश, राम नरायन, धनंजय रस्तोगी, सत्यम, महादेव प्रसाद के अलावा सभी शाखाओं पर समाज के अधिकाधिक बंधुओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# संदिग्ध अवस्था में मिला विवाहिता का शव, हत्या का आरोप

अंनत मिश्रा/

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उसका बाजार,सिद्धार्थनगर। थाना क्षेत्र उसका बाजार के ग्राम



पंचायत बसावनपुर के टोला करछुलिया खालसा में रविवार को 25 वर्षीय विवाहिता का फंदे से लटकता शव मिला है मृतिका नमोमिना पत्नी हामिद का पंखे से लटकता शव मिला जिसके बाद गांव में भय का माहौल बना हुआ है मृतिका के देवर ने बताया कि मृतिका के पति लगभग 2 वर्षो से घर नही आ रहे थे वही मृतिका की शादी लाभाग तीन वर्ष हो गए है मृतिका के पास एक ही लड़का जिसका लगभग दो वर्ष है और मृतिका के देवर और सास घर पर रहती थी मृतिका के देवर ने बताया कि रविवार को 12 बजे घटना घटित हुई है उसके बाद मृतिका के परिवार वालो को सूचना दिया गया फिर पुलिस को सूचना दी गई। मृतिका के पिता लाल मोहम्मद ने आरोप लगाते हुए कहा कि मेरी लड़की को दो दिन से खाना नही दिया जा रहा था और अपने दामाद को कहा की 20 हजार रुपए मांग रहे थे और दिया गया उसके बाद जब दुबारा बात करना चाहा तो मोबाइल बंद हो गई उसके बाद सुबह फोन आया कि दरवाजा बंद है और अंदर से कोई आवाज नहीं आ रही मृतिका के पिता ने कार्रवाई करने की मांग की है। घटना स्थल पर नायब तहसीलदार भी पहुंचे और घटना स्थल का जायजा लिया। घटना स्थल पर पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाई में जुट गई। एसएचओ बलजीत राव ने बताया कि तहरीर मिला है उसके आधार पर जांच कर उचित कार्यवाई की जाएगी। सदर सीओ अखिलेश वर्मा ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है आवश्यक विधिक कार्यवाई की जाएगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में 18 वर्षीय विवाहिता की मौत

दैनिक बुद्ध का सन्देश

शोहरतगढ़,सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ थानाक्षेत्र के नीबी दोहनी में 18 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। जानकारी के मुताबिक घटना शनिवार की शाम करीब 6.30 बजे की है। परिजन उपचार के लिए स्थानीय हॉस्पिटल में ले जा रहे थे कि रास्ते मे ही उसकी मौत हो चुकी थी। इस कारण परिजन पुनः विवाहिता को अपने घर ले आये। बहरहाल शनिवार की रात्रि तक लोगों के बीच इस बात की चर्चा रही है विवाहिता की मौत ठंढक और तबियत खराब होने के कारण हुई है, लेकिन यह चर्चाओं का बाजार रविवार की सुबह बदल गया। लोगों के बीच इस बात की चर्चा आ गयी कि विवाहिता का किसी बात को लेकर अपने प्रेमी पति से विवाद हुआ और उसने फॉसी लगा ली। ऐसे में सवाल यह भी है कि मृतक विवाहिता की डेड बॉडी किसके सामने किस परिस्थितियों में उतारी गई। जानकारी के मुताबिक विवाहिता सकीना पुत्री शमशाद निवासी जुडिकुइया थाना शोहरतगढ़ ने दिल्ली में ही करीब



5 माह पूर्व प्रेम प्रसंग में बीरेंद्र निषाद पुत्र दुर्गावती पत्नी बालकेसर निषाद निवासी खैरा थाना कठेला समय माता, जो कारोबार के सिलसिले में दिल्ली में ही रहते थे, से भागकर शादी कर ली। बीरेंद्र के परिजन दिल्ली में मेहनत मजदूरी करते थे और बीरेंद्र मोबाइल बनाने का कारीगर था। परिजन शादी के खिलाफ थे, बिरोध के बाद बीरेंद्र निषाद घर की जमा पूंजी लेकर भाग गया। इस दौरान उसकी मुस्लिम रीति–रिवाज से निकाह का होना भी बताया जाता है। परिजनों ने बताया कि जब बीरेंद्र अपने प्रेमिका पत्नी शकीना के साथ घर से निकला था, तो जमा बिस्सी का (संयुक्त संगठन द्वारा जमा किया गया धन) करीब 2 लाख रुपया ले लिया, करीब 4 माह तक वह दिल्ली, नेपाल आदि स्थानों पर रहा, जब उसका पैसा खत्म हो गया तो वह पुनः परिजनों के सम्पर्क में आया, और परिजनों के बिरोध के बाद अपनी नाना–नानी (घरभरन) के घर नीबी दोहनी थाना शोहरतगढ़ आ गया। पारिवारिक स्थिति न सही होने के कारण बीरेंद्र अपनी पत्नी को नाना–नानी के घर पर ही छोड़कर कमाने के लिए हरियाणा चला गया। बीरेंद्र निषाद की माँ दुर्गावती पुत्री घरभरन पत्नी बालकेसर निषाद निवासी खैरा थाना कठेला समय माता ने बताया कि हम लोग शादी के खिलाफ थे, इसलिये इन दोनों लोगों से दूरी बनी रही। इस बीच हमे जानकारी मिली कि दोनों विवाहित माता के घर (यानी नीबी दोहनी) रहते है। इस दौरान जब माँ (दुर्गावती की माँ यानी बीरेंद्र की नानी) से बात हुई तो माँ ने बताया कि

**■ 5 माह पूर्व घरवालों के मर्जी के खिलाफ प्रेम प्रसंग में की थी शादी, दो अलग-अलग समुदाय से है विवाहित जोड़ा**

**■ मृतका को नाना-नानी के यहाँ छोड़, हरियाणा कमाने गया था पति वींरेंद्र निषाद**

बीरेंद्र और उसकी पत्नी शकीना काफी परेशान थे, इसलिये उन्हें मजबूरी में शरण देना पड़ा। नाती वीरेंद्र ने बताया की वह मोबाइल का कारीगर है, कुछ महीनों के लिए मैं बाहर कमाने जाऊंगा। आर्थिक स्थिति मजबूत करते ही पत्नी शकीना भी जहां मैं रहूंगा, वह भी वही रहेगी। तब तक मेरी पत्नी यही (नीबी दोहनी) रहेगी। बीरेंद्र निषाद की नानी ने यह भी बताया कि आर्थिक स्थिति ठीक होने बाद मोबाइल शॉप खोने का प्रस्ताव था, और इसी प्रस्ताव पर वीरेंद्र के नाना–नानी राजी हुए थे, कि कुछ ही महीनों की बात है, फिर सब चले जायेंगे। हालांकि घटना की सूचना पर बीरेंद्र के पिता बालकेसर निषाद और मृतका की दादी घटना स्थल पहुँच गए। मृतका के पिता से भी संपर्क किया जाना बताया जा रहा है। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। बहरहाल घटना की सूचना जब स्थानीय पुलिस को हुई तो इंस्पेक्टर पंकज कुमार पाण्डेय मय पुलिस टीम घटना स्थल पहुँच गयी। पुलिस के पहुँचे से पहले ही मृतका को फंदे से उतार कर चारपाई पर लिटाया गया था।

पुलिस ने परिजनों का बयान लेकर लाश का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अब सवाल यह ही कि लड़की की मौत कारण आत्महत्या है या फिर हत्या। बहरहाल इस बात का खुलाशा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही होगा, कि विवाहिता की मौत किस कारण से हुई थी। उक्त के संदर्भ में प्रभारी निरीक्षक पंकज पाण्डेय ने बताया कि लाश का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

## ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी ने बनाया कंबल वितरण का कार्यक्रम

दैनिक बुद्ध का सन्देश

डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर। जिले में पड़ रहे कड़ाके की ठण्ड



को देखते हुए शासन, प्रशासन के साथ साथ समाजसेवी संस्थाएं भी जरूरतमंदो के मदद के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं इसी कड़ी में समाज सेवा के क्षेत्र की अग्रणी संस्था ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों ने आज रोडवेज के दीपू होटल पर बैठक कर आगामी कम्बल वितरण कार्यक्रम की रूप रेखा तय की द्यपूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रविवार को हुए इस बैठक में सदस्यों ने एक मत से सहमति जताते हुए आगामी 23 जनवरी को लगभग 200 कंबल के वितरण का कार्यक्रम बनाया। इस अवसर पर ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश चौरसिया ने कहा कि ठंडक शुरू होने के साथ ही हम अपनी संस्था के माध्यम से कई जगहों पर अलाव जलवा चुके हैं और कई जरूरतमंदो में गर्म कपडे भी बांट चुके हैं, जब जब समाज को जरूरत पड़ी है हमारी संस्था ने यथा सम्भव लोगों के मदद का प्रयास किया है, हमारी संस्था पिछले कई सालों से ठण्डक के अवसर पर जरूरत मंदो में कंबल, स्वेटर आदि का वितरण करती आयी है। कोरोना जैसे मुश्किल समय में भी हमारी संस्था ने आम जनता के बीच जाकर मास्क, हैंड सैनिटाइजर और ग्लव्स जैसी चीजों का वितरण किया था द्यहमारे लिए नर सेवा ही नारायण सेवा है। हम आगे भी समाज के लिए अपनी संस्था ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी के माध्यम से लोगों की यथा संभव सेवा करते रहेंगे। इस अवसर पर राजेश चौरसिया, मनोज श्रीवास्तव, अखिलेश यादव, रमेश अग्रहरि, सोनू, प्रदीप और राहुल समेत कई सदस्य मौजूद रहे।

## व्यापार मंडल के धनेश अध्यक्ष व अभिषेक महामंत्री चुने गए

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उसका बाजार। कस्बा के उसका राजा में स्थित पयोहारी आश्रम के परिसर में व्यापारियों की एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उप्र उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष अजय कसौधन व संगठन मंत्री करुणेश जायसवाल की उपस्थिति में व्यापारियों ने उसका नगर के व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का चुनाव सर्वसम्मति से किया है जिसमें नगर अध्यक्ष धनेश वर्मा व महामंत्री अभिषेक त्रिपाठी को सर्वसम्मति से चुना गया है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अजय कसौधन ने कहा कि सभी नव निर्वाचित पदाधिकारी निष्ठा पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करे। किसी भी संगठन के लिए एकता सबसे जरुरी है। सभी व्यापारी भी एकजुट रहे और संगठन की मजबूती, व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए हमेशा संघर्षशील रहे। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन हेमन्त कुमार जायसवाल, सुरेश यादव, आशीष जायसवाल, प्रदीप वर्मा, राम स्वरूप ,बजरंगी शाहू, सतीश तुलस्यान, वेद प्रकाश जायसवाल, सच्चिदानन्द वर्मा, विनोद वर्मा, शुभम वर्मा, दर्पण जायसवाल, आकाश अग्रहरि, मनीष अग्रहरि, मनोज जायसवाल, विजय गुप्ता, बलराम जायसवाल, श्री धर पांडे, पंकज अग्रहरि, राकेश आर्य, अशोक, अंब्रेश वर्मा, विनोद वर्मा, सिद्धार्थ सिंह, पंकज सिंह, रोहित वर्नवाल, हरी सोनी, अंकित अग्रहरी आदि रहे।



# अतिक्रमण हटाने पहुंची प्रशासन 2 दिन का दिया समय

**अतिक्रमणकारियों को मिल चुका है सुचना नहीं हटाए तो होगा कार्रवाई**





दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। जोगिया उदयपुर क्षेत्र में अतिक्रमणकारियों को नोटिस देने के बाद रविवार को प्रशासन कब्जा हटवाने के लिए दलबल के साथ सक्रिय हुआ। चौराहे से नहर मार्ग पर कुछ स्थानों पर अतिक्रमण हटवाया गया, लेकिन व्यापारियों ने यह कहते हुए दो दिन का समय मांगा कि वह खुद कब्जा हटा लेंगे। यदि प्रशासन ने कब्जा हटाने की कार्रवाई की तो उनका नुकसान हो जाएगा। व्यापारियों की मांग पर उन्हें दो दिन का समय देते हुए कब्जा हटाने के निर्देश दिए गए। अतिक्रमण की समस्या लाइलाज होती जा रही थी। मार्ग की पटरियों पर किए गए अतिक्रमण से फुटपाथ गायब हो गया था। इससे राहगीरों को आने जाने में समस्या का सामना करना पड़ रहा था और दुर्घटनाएं नहर मार्ग पर अतिक्रमण हटवाने पहुंचे सदर एसडीएम ललित कुमार मिश्रा, नायब तहसीलदार माधव यादव, व जोगिया थाना के एसआई दरोगा अख्तर भी थे मौजूद समस्या को देखते हुए जोगिया उदयपुर चौराहे प्रशासन ने लगभग कई लोगों को अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस दी। बावजूद इसके कब्जा नहीं हटा। सुबह 11 बजे सदर एसडीएम ललित कुमार मिश्रा, नयबतहसीलदार माधव यादव, थाना जोगिया अख्तर एसआई, मार्ग पर कब्जा हटवाने पहुंचे और कुछ स्थानों से कब्जा हटवाया, लेकिन और उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन 55 फीट छोड़कर ही रहे व्यापारियों ने खुद कब्जा हटाने की बात कहकर दो दिन का समय मांग लिया, जिसके बाद टीम बिना कब्जा हटाए ही लौट आई। चर्चा है कि कि राजनीति पड़ा। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि व्यापारियों व जनप्रतिनिधियों के अनुरोध पर सभी को दो दिन का वक्त दिया गया है कि वह स्वतः कब्जा हटा लें, निर्धारित समय तक अगर अतिक्रमण नहीं हटा तो बलपूर्वक कब्जा हटाते हुए जुर्माना वसूला जा सकता है इस की जिम्मेदारी स्वयंम दुकानदार होंगे।

## मकर संक्रांति पर आयोजित हुआ खिचड़ी सहभोज

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उस्का बाजार,सिद्धार्थनगर। स्वर्गीय रमेश चन्द्र जगदीश्वर



प्रसाद मेमोरियल संस्थान के तत्वधान में मकर संक्रांति के अवसर पर खिचड़ी सहभोज तथा गरीबों में कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन बीते बुधवार को समाजसेवी अभिषेक चन्द्र त्रिपाठी द्वारा उनके कृष्णानगर मुहल्ले में स्थित अपने आवास पर किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी अभिषेक चन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व मौसम के परिवर्तन का प्रतीक है, जो हमें इस बात का अहसास दिलाता है कि परिवर्तन ही विकास की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। इसे सहर्ष स्वीकार करते हुए विकास का साक्षी और सहभागी बनना चाहिए। मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाला यह सहभोज कार्यक्रम भी हमें आपसी सौहाद्र और भाई चारे का सन्देश देते हुए एक मंच पर जुड़ने की प्रेरणा देता है। सहभोज हमें आपसी द्वेष और कटुता को भुलाकर विकासोन्मुखी सोच के लिए प्रेरित करता है।इस सहभोज के बाद सैकड़ो जरूरतमंदों में ठण्ड से बचाव के लिए कम्बल वितरित किया। मकर संक्रांति पर आयोजित कार्यक्रमो की कड़ी में क्षेत्र के श्रीदुर्गा मंदिर केवटलिया के प्रांगण में भी सहभोज का आयोजन हुआ। जिसमे भारी संख्या में लोगों ने पहुँचकर प्रसाद ग्रहण किये। विधिविधान के अनुसार पूजा हुआ, तत्पश्चात लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। इस सहभोज में अनूप छापड़िया, प्रभात शुक्ल, धनेश वर्मा, श्रीधर पाण्डेय, राकेश बुकसेलर, अशोक अग्रहरी, दयाराम लोधी गोविंद पाण्डेय, युवा भाजपा नेता अनूप सिंह, विनोद कुमार निषाद, पवन कुमार, राजकुमार पाठक, प्रेम नारायण दुबे, पंकज कुमार अग्रहरि, पंकज पाण्डेय, अर्जुन कुमार, सुभाष यादव, अनिल पाण्डेय, राकेश पाण्डेय, सुनील पाण्डेय, आकाश पाण्डेय आदि लोग उपस्थित रहे।

## मानक विहीन हो रहा गौशाला का निर्माण जिम्मेदार कौन

बृजेश चौहानध्दैनिक बुद्ध का सन्देश

बलरामपुर। जनपद के विकास खंड बलरामपुर सदर के ग्राम





शंकरपुर के मौजा हांसडीह मे बन रहे गौशाला मे सरकारी मानको कि धज्जिया उड़ाई जा रही है गौशाला का निर्माण शुरू भी नहीं हुआ कि गौशाला के लिए पीले अत्यंत खराब ईट के ढेर लगा दिए गए अगर ऐसी स्थिति मे गौशाला का निर्माण हुआ तो उक्त गौशाला बनने से पहले हि ढह जाएगी जिसमें जन धन हानि कि भी समस्या बनी रहेगी बताते चलें कि उक्त गौशाला मे लगभग 60 से 65 गाये पर मात्र एक सेवक मौके पर मिला गौशाला कि स्थिति अत्यंत दयनीय थी इस सन्दर्भ मे जब ग्राम पंचायत अध्यक्ष से संपर्क कर मामले कि जानकरी चाही तो उन्होंने मामले मे अन्भिग्ता जाहिर करते हुए कहा कि जो बाते मेरे संज्ञान मे आया है उसपर ध्यान देंगे।

# हजारों की संख्या में खिचड़ी सहभोज के कार्यक्रम में लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बांसी,सिद्धार्थनगर। मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर रविवार को भाजपा के युवा नेता विष्णु जयसवाल सोनू द्वारा भव्य खिचड़ी सहभोज का आयोजन किया गया जिसमें लगभग सात हजार की संख्या में लोग पहुंचकर खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण कियाद्य रविवार को सुबह 7.00 बजे भाजपा के युवा नेता विष्णु जयसवाल व पत्नी पूनम जायसवाल द्वारा सर्वप्रथम हनुमान मंदिर पर खिचड़ी चढ़ाकर खिचड़ी खिलाने का कार्यक्रम सुबह 7.00 बजे से शुरू होकर सायं 5.00 बजे तक अनवरत चलता रहा जिसमें सात हजार लोगों ने खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया इस दौरान भाजपा के युवा नेता विष्णु जायसवाल (सोनू) ने बताया कि यह कार्यक्रम हमारे बाबा स्वर्गीय रघुनाथ जयसवाल द्वारा किया जाता रहा इसी क्रम में या खिचड़ी का भव्य सहभोज का आयोजन किया गया जिसमें नगर के लोगों द्वारा भारी संख्या में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। सहभोज के कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने में हनुमानगढ़ी के महंत चंद्रभान दास श्नागाश्व बलराम कुलश्रेष्ठ व तमाम साथियों द्वारा सहयोग प्रदान किया। इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष जगजीवन गौड़,पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव, गौरी शंकर अग्रहरी, संतोष कुमार त्रिपाठी ,रामगोपाल अग्रहरी, ऋषि श्रीवास्तव, जगदंबा मिश्रा ,बजरंगी बर्मा ,प्रतिभा वर्मा ,सुशीला केवट ,संजय रावत ,शिवम ,गोपाल भारती राकेश अग्रहरी, जीवन अग्रहरि, संतोष अग्रहरी, राका शर्मा, आशीष शर्मा सहित काफी संख्या में लोग शामिल रहे।





## ससुराल जा रही महिला दो बच्चों के साथ हुई लापता

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसियापुर,सिद्धार्थनगर। इटवा थाना क्षेत्र के सेखुइया गांव





निवासी एक महिला दो बच्चे के साथ गायब हो गई है। इस मामले में महिला पिता ने इटवा थाना में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग किया है। इटवा थाना क्षेत्र के सेखुइया निवासी हरिराम ने बताया कि मेरी बेटी सुनीता चौधरी (30) अपने दोनों बच्चों निखिल चौधरी (8) एवं कृष्णा चौधरी (5) को लेकर अपनी ससुराल बलरामपुर जनपद के गौरा चौकी थाना क्षेत्र के ग्राम रतनपुर के लिए निकली थी। शुक्रवार को दोपहर 2 बजे बात हुई तब उसने बताया कि इटवा चौराहा पर पहुची गई है। एक बोलोरे गाड़ी से जाने की बात कही लेकिन देर शाम बात करने की कोशिश की गई तो मोबाइल बंद था। ससुराल में संपर्क करने पर परिजनों ने बताया कि वह नहीं पहुँची है। पिता ने अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए मामले की जांच करके कार्यवाही की मांग की है। सूत्रो के माने तो इस संबंध में एसओ विन्देश्वरी मणि तिवारी ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। गुमशुदगी की मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में महिला दोनो बच्चों के साथ एक वाहन में बैठी दिखाई दे रही है। मामले की जांच की जा रही हैं। परिजनों को रो रो के बुराहाल है। यदि किसी को जानकारी मिले तो कृपया मोरू 7800111808 या 91567 59228 पर बताने का कष्ट करें।

## सम्पादकीय

**जिन कंपनियों की परियोजनाएं इस इलाके में सक्रिय हैं, उनमें सरकारी थर्मल पावर कंपनी एनटीपीसी भी शामिल है। देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी का कहना है कि उसके द्वारा बनाई जा रहीं सुरंगें और अन्य प्रॉजेक्ट जोशीमठ के संकट के लिए जिम्मेदार नहीं हैं। इसके बावजूद...**

# जटिल समस्या, कठिन समाधान

लेकिन समाधान क्या है? आखिर आधुनिक विकास और इससे मिलने वाली सुविधाओं का उपभोग हर जगह और हर वर्ग की आबादी की चाहत है। इसलिए समस्या पर उसकी पूरी जटिलता में जाकर विचार करना होगा। उत्तराखंड में जोशीमठ के बाद खबर है कि कर्णप्रयाग में भी कई मकानों में दरार आ गई है। जोशीमठ में उन इमारतों को गिरा देने का फैसला किया जा चुका है, जिनमें दरारें आ गई हैं। हिमालय में बसे इस कस्बे से दर्जनों परिवारों को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है। लेकिन यह सिर्फ अस्थायी समाधान है। किसी को अचानक अपने घर से वंचित हो जाने की भरपाई संभव नहीं है। कुल सूरत यह है कि यह समस्या कहीं अधिक गंभीर और व्यापक है। विशेषज्ञों ने कहा है कि जोशीमठ की ढलानें भूस्खलन से निकले मलबे से बनी हैं। लिहाजा कस्बा एक हद तक ही इमारतों का वजन सहन कर सकता है। पिछले साल मई में ही एक घर के नीचे से पानी बहने की आवाज सुनी गई थी। सितंबर में घर के फर्श में छोटी सी दरार देखी। दिसंबर में यह चौड़ी हो गई और बाशिंदों घर



खाली करना पड़ा। यही कहानी सैकड़ों और घरों की भी है। पिछले कुछ समय से इन मकानों में दरारें आनी शुरू हो गईं। करीब 700 घरों में दरारें पाई गईं, जिसके बाद 400 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। प्रशासन के मुताबिक कई इमारतों को रहने के लिए असुरक्षित पाया गया है। आम चर्चा में इस बात पर जोर दिया गया है कि यह स्थिति विकास परियोजनाओं के कारण इकॉलघॅजी को पहुंचे नुकसान का परिणाम है। जिन कंपनियों की परियोजनाएं इस इलाके में सक्रिय हैं, उनमें सरकारी थर्मल पावर कंपनी एनटीपीसी भी शामिल है। देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी का कहना है कि उसके द्वारा बनाई जा रहीं सुरंगें और अन्य प्रॉजेक्ट जोशीमठ के संकट के लिए जिम्मेदार नहीं हैं। इसके बावजूद पर्यावरणवादी कार्यकर्ता ऐसी परियोजनाओं को खलनायक के रूप में पेश कर रहे हैं। लेकिन समाधान क्या है? आखिर आधुनिक विकास और इससे मिलने वाली सुविधाओं का उपभोग हर जगह और हर वर्ग की आबादी की चाहत है। इसलिए समस्या पर उसकी पूरी जटिलता में जाकर विचार करना होगा। देखना होगा कि आखिर क्या एहतियाती उपाय हो सकते हैं, जिनसे परियोजनाएं अपेक्षाकृत अधिक सुरक्षित साबित हों।

# आंध्र प्रदेश में भाजपा तालमेल करेगी!

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति बहुत सद्भाव दिखाते हैं। वे सार्वजनिक रूप से प्रधानमंत्री के पैर छू चुके



हैं, जिसके लिए उनकी आलोचना भी हुई। लेकिन ऐसा लग रहा है कि भाजपा उनके प्रति वैसा सद्भाव नहीं दिखा रही है। प्रदेश की राजनीति में वैसे भी भाजपा के नेता राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोले रहते हैं लेकिन चूंकि भाजपा का कोई विधायक नहीं है इसलिए उसका असर नहीं होता है। अब कहा जा रहा है कि अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा तालमेल की तैयारी कर रही है। पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में अकेले लड़ कर भाजपा ने अपने को आजमा लिया है। दोनों में उसका खाता नहीं खुला। जानकार सूत्रों का कहना है कि भाजपा और चंद्रबाबू नायजू की पार्टी टीडीपी के बीच तालमेल हो सकता है। पिछले दिनों चंद्रबाबू नायडू की मुलाकात पवन कल्याण से हुई थी। पवन कल्याण तेलुगू फिल्मों के बड़े अभिनेता हैं और सुपर सितारे चिरंजीवी के भाई हैं। दोनों भाइयों की राजनीतिक महत्वाकांक्षा रही है। पवन कल्याण ने जन सेना नाम से पार्टी बना कर चुनाव लड़ा था। कहा जा रहा है कि चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण के बीच तालमेल होगा और फिर दोनों का तालमेल भाजपा के साथ होगा। पिछले दिनों अमित शाह के हैदराबाद दौरे में उनकी मुलाकात जूनियर एनटीआर से हुई थी। इससे लगा था कि भाजपा फिल्मी सितारों के सहारे राजनीति करेगी। ध्यान रहे जूनियर एनटीआर भी चंद्रबाबू नायडू के परिवार से ही जुड़े हैं। बहरहाल, जो हो इस बार भाजपा आंध्र प्रदेश में अकेले नहीं लड़ेगी।

# मुद्दा : समझना होगा मानवीयता का मर्म

**इसके बावजूद सड़क दुर्घटनाओं में कमी नहीं आ पा रही है। कुछ समय पहले केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सड़क हादसों के लिए खराब प्रोजेक्ट रिपोर्ट को जिम्मेदार बताते हुए कहा था कि डीपीआर तैयार करने वाली कंपनियों के लिए प्रशिक्षिण कार्यक्रम आयोजित करने की जरूरत है। बहरहाल, सरकार को सड़कों पर और ज्यादा सुविधाएं प्रदान करनी होंगी तो दूसरी ओर...**

रोहित कौशिक

हाल ही में सोनीपत जीटी रोड पर दो अलग–अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में मारे गए दो लोगों के शवों को लगातार वाहनों द्वारा रौंदने की घटनाएं सामने आई हैं। इन शवों को पूरी रात रेज रफ्तार वाहन कुचलते रहे। इससे पहले दिल्ली में 20 साल की युवती अंजली को एक कार के नीचे घसीटते हुए कई किलोमीटर तक ले जाया गया था। पिछले कुछ समय से हादसों के बाद शवों को कुचलने या इध ार–उधर फेंकने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं।

यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि एक तरफ तो हम प्रगतिशील एवं सभ्य होने का दावा करते हैं, वहीं दूसरी तरफ शर्मसार मानवीयता हमारे सभ्य होने पर प्रश्निचह्न लगाती है। इस दौर में हम इतनी तेजी से भाग रहे हैं कि दो मिनट रु ककर न कुछ देखना चाहते हैं, न सुनना चाहते हैं और न कुछ सोचना ही चाहते हैं। आज जिंदगी की इस रफ्तार ने हमारी संवेदनशीलता को भी कठघरे में खड़ा कर दिया है। हम शवों को रौंदकर आगे निकल जाते हैं और पीछे रह जाती है कुछ सवाल छोड़ती हुई हमारी इंसानियत। वही इंसानियत जिस पर हम बार–बार गर्व करते हैं। वही इंसानियत जिसे बचाने के लिए बड़े–बड़े कथा पंडालों में बड़े–बड़े संत उपदेश देते हैं और हम इन संतों को नमन करते हुए उनके आगे हाथ जोड़कर अपना सिर झुका लेते हैं, लेकिन व्यावहारिक जिंदगी में जब ऐसी शर्मनाक घटनाओं के कारण हमारा सिर शर्म से झुकता है तो इंसानियत से हमारा भरोसा उठने लगता है।

दरअसल, बड़ी–बड़ी गाडियों में चलने वाला पढ़ा–लिखा तबका स्वयं को सभ्य मानता है और और समय–समय पर अपनी इस सभ्यता पर गर्व भी करता रहता है। सवाल यह है कि क्या सभ्यता पढ़े–लिखे वर्ग की ही बपौती है? क्या अनपढ़ या कम पढ़ा–लिखा मनुष्य सभ्य नहीं हो सकता? वास्तविकता तो यह है कि अनपढ़ मनुष्य भी सभ्य हो सकता है। सभ्यता सीधे हमारी संवेदनशीलता से जुड़ी है। एक अनपढ़ मनुष्य, पढ़े–लिखे मनुष्य से ज्यादा संवेदनशील हो सकता है। एक समय में हमारे ज्यादातर पूर्वज अनपढ़ या कम पढ़े–लिखे थे, लेकिन वे ज्यादा संवेदनशील थे। दरअसल, इस दौर में पढ़ा–लिखा तबका स्वार्थी हो गया है। इसीलिए वह सड़क पर तेज रफ्तार से दौड़ते हुए ठहरकर कुछ देखना या सोचना नहीं चाहता। हम सब इतनी हड़बड़ी में हैं कि सड़क पर पड़े हुए शव को देखते हुए भी अनदेखा कर उसे रौंदते हुए चले जाते हैं। जब हमारी सम्यता के साथ स्वार्थ जुड़ जाता है तो हमारी संवेदनशीलता गायब होने लगती है। ऐसी स्थिति में अनपढ़ या कम पढ़ा–लिखा तबका ही ज्यादा विश्वसनीय साबित होता है।

सवाल यह है कि इस स्वार्थ के वशीभूत होकर हम कैसा समाज बना रहे हैं? हम यह नहीं समझ पा रहे हैं कि जाने–अनजाने हम जिस स्वार्थ और संवेदनहीनता का चक्रव्यूह रच रहे हैं, एक दिन उसी चक्रव्यूह में हम भी फंस सकते हैं। शवों को रौंदना संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है। इसका जिम्मेदार भी कोई और नहीं, बल्कि हम ही हैं। दरअसल, सरकार द्वारा बार–बार यह दावा किया जाता है कि पहले की अपेक्षा सड़कों की स्थिति में काफी सुधार हुआ है।

हाईवे के संदर्भ में सरकार के इस दावे में सच्चाई भी है। इसके अतिरिक्त सड़कों पर चलने के लिए अच्छा–खासा टोल टैक्स भी वसूला जा रहा है। जिस हिसाब से मोटा टोल टैक्स वसूला जा रहा है, क्या उसी हिसाब से सड़कों पर लोगों को सुविधाएं भी मिल पा रही हैं? श्भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरणय के कर्मचारी कभी–कभी हाईवे पर घूमते हुए जरूर दिखाई दे जाते हैं। सवाल यह है कि भीषण दुर्घटनाओं के समय ये कर्मचारी कहां रहते हैं? अजीब विरोध ाभास है कि सरकार ज्यों–ज्यों सड़कों पर सुविधाएं बढ़ाने दावा करती है, त्यों–त्यों सड़कों पर होने वाली दुघटनाओं की संख्या भी बढ़ रही है।

गौरतलब है कि मर्सिडीज–बेंज रिसर्च एंड डेवलपमेंट इंडिया ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि भारत के पांच फीसद राजमागरे पर 60 प्रतिशत मौतें होती हैं। यह दुर्घटनाएं सड़कों की खराब स्थिति, सड़कों के उचित रखरखाव में कमी और यातायात नियमों के उल्लंघन सहित कई कारणों की वजह से हाती हैं। तेज गति से वाहन चलाने से बड़ी संख्या में दुघटनाएं होती हैं। सभी दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में से 56 प्रतिशत ओवर स्पीडिंग के कारण होती हैं। दरअसल, जब से सड़कों विशेषतरू राष्ट्रीय राजमागरे की स्थिति में सुधार हुआ है, तब से सड़कों पर वाहनों की गति भी बढ़ गई है। कई राजमागरे पर गति नियंत्रित करने के लिए मीटर लगाए गए हैं और गति की सीमा भी लिखी गई है।

इसके बावजूद सड़क दुर्घटनाओं में कमी नहीं आ पा रही है। कुछ समय पहले केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सड़क हादसों के लिए खराब प्रोजेक्ट रिपोर्ट को जिम्मेदार बताते हुए कहा था कि डीपीआर तैयार करने वाली कंपनियों के लिए प्रशिक्षिण कार्यक्रम आयोजित करने की जरूरत है। बहरहाल, सरकार को सड़कों पर और ज्यादा सुविधाएं प्रदान करनी होंगी तो दूसरी ओर जनता को भी ऐसे मसले पर संवेदनशील बनना होगा।

**अब दिल्ली कृपण है, अहंकारी है, संकीर्ण है। इस हकीकत के बावजूद यह खबर मुझे व्यथित कर गई थी कि सात दफा लोकसभा और तीन बार राज्यसभा सांसद रहे शरद यादव का लुटियन दिल्ली मकान खाली करवाया जा रहा है। इस पर न मंडलवादी नेताओं की सुध लेने की खबर मिली और न उन लोगों की संवेदना भभकी, जिनका मुख्यधारा की राजनीति से अछूतपना कभी समाजवादी शरद...**

# शरद यादव: मंडल के पितामह!

हरिशंकर व्यास

ओह! शरद यादव नहीं रहे। मुझे तो उनसे मिलना था! कई बार सोचा लुटियन दिल्ली छोड़ कर शरदजी छतरपुर के नए घर शिफ्ट हुए हैं तो उनसे जा कर मिलना है। जीवन के उत्तरार्ध की उनकी शारीरिक–सियासी सेहत की खोज–खबर लेनी है। उनकी पत्नी रेखाजी और बेटे–बेटी से बातचीत करनी है। पर संयोग नहीं बना। तभी दिवगंत आत्मा को श्रद्धांजलि में यह ग्लानि दिल–दिमाग को छलनी कर दे रही है कि कैसे उनके सादे सहज–सरल परिवार को धैर्य बंधाऊं। कैसे शरदजी को याद करूं? हां, शरदजी और उनका परिवार मेरी निज जिंदगी का इसलिए हिस्सा रहे हैं क्योंकि पूरे परिवार की सहजता, सरलता मेरे और मेरे परिवार के लिए मनभावक रही। मैंने अपनी 45 साल की पत्रकारिता में लुटियन दिल्ली के जितने नेताओं और उनके परिवारों को देखा है उसमें सत्ता पॉवर की चकाचौंध के बीच भी शरदजी और परिवार हमेशा सहज–सरल जीवन जीने वाला लगा। शरदजी ने लोगों को बनाया। पुराने लोगों को साथ रखा। जबकि मैंने शरदजी के साथी नेताओं को बदलते देखा है। घमंडी–अहंकारी–धोखेबाज होते देखा लेकिन ऐसे अनुभवों के जख्म दबाए होने के बावजूद शरदजी सहज थे। अहंकारी या बदले की राजनीति को पास फटकने नहीं दिया! कोई माने या न माने, लेकिन प्रत्यक्ष अनुभव, राजनीतिक दांवपेचों में रियल घुसपैठ से जाना मेरा यह सत्य है कि भारत की 75 साला राजनीति में मंडल राजनीति का फैसला शरद यादव के कारण था। वे मंडल राजनीति के पितामह थे और त्रासद जो उन्हीं के साथ मंडल राजनीति के सभी पिछड़े नेताओं ने छल किया। उनसे दगाबाजी की। शरद यादव का एक और ऐतिहासिक मतलब है। वे गैर कांग्रेसवाद की राजनीति के पहले नौजवान लोकसभा सांसद थे, जिनकी उपचुनाव जीत से कांग्रेस के पतन, जेपी आंदोलन, इंदिरा गांधी के सियासी पतन का सिलसिला शुरू हुआ। हां, छात्र राजनीति से 1974 के जबलपुर उपचुनाव में विपक्षा के साझा जनता उम्मीदवार के रूप में शरद यादव ने कांग्रेस के दिग्गज सेठ गोविंददास को जब चुनाव हराया था तो वह परिवर्तन की चिंगारी थी। गैर कांग्रेसवाद की राजनीति का बिगुल था। उसी के बाद तो फिर संपूर्ण क्रांति का आह्वान, इमरजेंसी और अंत में जनता पार्टी सरकार के बनने का घटनाक्रम था।

शरद यादव का दूसरा ऐतिहासिक रोल प्रधानमंत्री वीपी सिंह से मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू करवाने का था। इसलिए वे पिछड़ों का आरक्षण करवाने के पितामह थे। यह भी नोट रखें कि मुलायम सिंह और लालू यादव दोनों शरद यादव के कारण मुख्यमंत्री बने। दोनों का राजनीतिक करियर शरद यादव के कारण था। यह अलग बात है कि दोनों ने उनका अहसान बहुत जल्द सत्ता अहंकार में भूला दिया। सत्ता नेताओं को कैसे संस्कारहीन बनाती है, अहंकारी बनाती है इसके आजाद भारत में सर्वाधिक उदाहरण मंडल राजनीति के पिछड़े नेताओं के परस्पर धोखे के हैं। मैं आरक्षण व मंडल राजनीति को हिंदुओं के गुलाम इतिहास की भूख का एक हिस्सा मानता हूं। मैंने शरद यादव की जात थीसिस को कभी नहीं माना। कई बार मुलायम, लालू और नीतीश कुमार आदि नेताओं से उनके हुए अनुभवों के हवाले मैं उन्हें कचोटता था। बावजूद इसके वे जातियों के लोहिया समाजवाद से इंच भर कभी टस से मस नहीं हुए। मुझे कई बार गिला हुआ कि मैंने मंडल आरक्षण लिवाने वाले वीपी सिंह और शरद यादव की राजनीति से क्या–क्या उम्मीदें (खासकर गैर कांग्रेसवाद, भ्रष्टाचार उन्मूलन) बनाई थी लेकिन हुआ क्या? और सबसे बड़ी बात जो दोनों के साथ उनके अपने लोगों ने क्या राजनीतिक धर्म निभाया? बहरहाल, शरद यादव का रोल भाजपा को सत्ता में बैठवाने का भी रहा। डॉ. राममनोहर लोहिया के चेहरों (चाहे तो प्रसोपा वालों को भी शामिल करें) में मधु लिमये और जॉर्ज फर्नांडीज ने संघ से एलर्जी में कभी चाहे जो स्टैंड लिया हो लेकिन यह भी हकीकत है कि जनता पार्टी, जनता दल, जन मोर्चा की वीपी सिंह सरकार, संयुक्त मोर्चे से लेकर फिर अटल बिहारी वाजपेयी की एनडीए सरकार में जॉर्ज फर्नांडीज और शरद यादव दो ऐसे चेहरे थे, जिनकी अगुवाई में, जिनके द्वारा लगातार एक के बाद एक चरण में स्वीकार्यता बनाए जाने से भाजपा सत्ता के शीर्ष पर पहुंची। शरद यादव, जनता पार्टी के गठन के वक्त युवा समाजवादी थे। तब मधु लिमये, जॉर्ज फर्नांडीज का राजनीतिक रूतबा भारी–भरकम था। इससे इतर सूझबूझ से शरद यादव ने चौधरी चरण सिंह, देवीलाल याकि लोकदल की धारा से अपना जुड़ाव बना उन्होंने जॉर्ज के मिशन में काम किया तो अपना स्वतंत्र सियासी वजूद भी बनाया। और ये दोनों समाजवादी भाजपा की वाजपेयी सरकार के आधार स्तंभ थे। संसद के सेंट्रल हॉल में वीर सावरकर की तस्वीर लगाए जाने के पक्षधर तो वाजपेयी–आडवाणी में श्रम–विमानन–खाद्य जैसे मंत्रालय संभालते हुए। मैं शरद यादव की राजनीति का ताउम्र ऑब्जवर रहा। श्जनसत्ताय में अनेकों बार उन पर श्गपशपय लिखी। मगर वे मेरा नेचर–मेरी जाति–मेरे विचार जानते थे और सबके बावजूद सहज भरोसे का अपनापन लिए हुए। यों भी उन दिनों राजनीति पढने–लिखने वालों की थी। नेता और पत्रकार एक दूसरे से समझते थे। सत्य में जीते थे। तभी जमीनी नेताओं के साथ गपशप, उठना– बैठना सब भरपूर था। गैर–कांग्रेसवाद की राजनीति का हर उबाल मेरे लिए शरद यादव, रामविलास पासवान नीतीश कुमार, केसी त्यागी, गोविंदाचार्य, वाजपेयी, आडवाणी आदि के साथ चुनावी दौरों, राजनीतिक कवरेज के मौके लिए हुए होता था। उस लुटियन दिल्ली को खत्म हुए बरसों हो गए हैं। भारत की राजनीति में अब न लुटियन दिल्ली है और न संस्कारवान नई दिल्ली। अब दिल्ली कृपण है, अहंकारी है, संकीर्ण है। इस हकीकत के बावजूद यह खबर मुझे व्यथित कर गई थी कि सात दफा लोकसभा और तीन बार राज्यसभा सांसद रहे शरद यादव का लुटियन दिल्ली मकान खाली करवाया जा रहा है। इस पर न मंडलवादी नेताओं की सुध लेने की खबर मिली और न उन लोगों की संवेदना भभकी, जिनका मुख्यधारा की राजनीति से अछूतपना कभी समाजवादी शरद यादव ने खत्म कराया था।



# सानिया मिर्जा : हर हालात का डटकर मुकाबला करने वाली सशक्त खिलाड़ी




नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय खेलों के नक्शे पर पहले पहल तिरंगे की छाप छोड़ने वाले खिलाड़ियों में बैडमिंटन में प्रकाश पादुकोण, टेनिस में अमृतराज बंधु, शतरंज में विश्वनाथन आनंद,बिलियर्ड्स में माइकल फरेरा, भारोत्तोलन में मल्लेश्वरी देवी, निशानेबाजी में अभिनव बिंद्रा, एथलेटिक्स में मिल्खा सिंह, पी.टी. ऊषा और भाला–फेंक में नीरज चोपड़ा का नाम सुनहरे हरफों में दर्ज है। महिला टेनिस में सानिया मिर्जा का नाम इस कतार को आगे बढ़ाता है। सानिया मिर्जा ने हाल ही में टेनिस से संन्यास लेने का ऐलान किया है। उनका कहना है कि उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन से अपने ग्रैंड स्लैम करियर की शुरुआत की थी और इस साल वही उनका आखिरी ग्रैंड स्लैम होगा। फरवरी में होने वाला दुबई टेनिस टूर्नामेंट उनका अंतिम प्रफेशनल टेनिस टूर्नामेंट होगा और इसके साथ ही एक बेहतरीन खिलाड़ी के रूप में उनका 30 साल का टेनिस जीवन और 20 साल का प्रफेशनल करियर समाप्त हो जाएगा।

एक समय ''खेलोगे कूदोगे होगे खराब, पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब'' जैसे मुहावरे गढ़ने वाले इस देश में पिछले कुछ दशक में ही खेलों की संस्कृति विकसित हुई है, लेकिन उसमें भी कई तरह की बंदिशें रहीं, खास तौर से लड़कियों के लिए यह क्षेत्र वर्जित ही बना रहा। ऐसे माहौल में तीन दशक पहले एक मुस्लिम परिवार की छह साल की बच्ची अपनी मां का हाथ पकड़े हैदराबाद के निजाम क्लब के टेनिस कोर्ट पहुंची तो पहले पहल तो कोच को भी लगा कि टेनिस खेलने के लिए वह बहुत छोटी है, लेकिन खेल के प्रति उसकी लगन और उसके सपनों की उड़ान उसकी उम्र से कहीं बड़ी थी। सानिया ने संन्यास का ऐलान करते हुए अपने ट्विटर हैंडल पर तीन पेज का एक पोस्ट लिखा है।

इसमें उन्होंने अपनी सफलता के लिए अपने माता–पिता और बहन सहित पूरे परिवार, कोच, फिजियो और पूरी टीम का शुक्रिया अदा करते हुए लिखा है कि इन लोगों के सहयोग के बिना वह यहां तक नहीं पहुंच पातीं। उन्होंने लिखा है, ''इन तमाम लोगों का शुक्रिया, जो बुरे वक्त में मेरे साथ खड़े रहे। मैंने अपनी हंसी, आंसू, दर्द और खुशी इन तमाम लोगों के साथ साझा की है। आप सभी ने जीवन के कठिन दौर में मेरी मदद की है। आपने छह साल की एक बच्ची को न सिर्फ सपने देखने की हिम्मत दी, बल्कि उन्हें पूरा करने में मदद भी की।'' सानिया ने अपने पोस्ट में लिखा है, ''काफी विरोध के बावजूद मैंने ग्रैंड स्लैम खेलने और टेनिस के इस सर्वोच्च स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने का सपना देखा।

अब जब मैं अपने करियर की तरफ मुड़कर देखती हूं तो मुझे लगता है कि मैंने न सिर्फ देश के लिए ग्रैंड स्लैम खेलने का अर्धशतक लगाया, बल्कि उनमें से कुछ जीतने में भी कामयाब रही। देश के लिए मेडल जीतना मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान रहा है। पोडियम पर खड़े होना और तिरंगे का सम्मान होते देखना मेरे लिए गर्व की बात रही है।'' सानिया का जन्म 15 नवंबर 1986 को मुंबई में हुआ। उनके पिता इमरान मिर्जा एक खेल संवाददाता थे तथा माँ नसीमा मुंबई में प्रिंटिंग व्यवसाय से जुड़ी एक कंपनी में काम करती थीं। कुछ समय बाद उनका परिवार हैदराबाद चला गया और छोटी बहन अनम के साथ सानिया का बचपन वहीं गुजरा।

सानिया ने हैदराबाद के एन ए एस आर स्कूल में प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण करने के बाद हैदराबाद के ही सेंट मैरी कॉलेज से स्नातक स्तर की पढ़ाई की। उन्हें 11 दिसंबर 2008 को चेन्नई में एम जी आर शैक्षिक और अनुसंधान संस्थान द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की गई। वर्ष 1999 में विश्व जूनियर टेनिस चौम्पियनशिप से अपने अंतरराष्ट्रीय टेनिस करियर की शुरुआत करने वाली सानिया ने 18 वर्ष की छोटी सी उम्र में वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना ली थी। उनकी लोकप्रियता और सफलता को देखते हुए 2005 में उन्हें अर्जुन पुरस्कार प्रदान किया गया। 2005 में ही उन्हें टाइम पत्रिका ने एशिया की 50 सबसे प्रभावशाली हस्तियों में शुमार किया।

2006 में उन्हें पद्मश्री से नवाजा गया और वह यह सम्मान पाने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनीं। उन्हें 2006 में अमेरिका में विश्व की टेनिस की दिग्गज हस्तियों के बीच डब्लूटीए का मोस्ट इम्प्रेसिव न्यू कमर अवार्ड प्रदान किया गया। पारिवारिक जीवन की बात करें तो उनके पिता इमरान मिर्जा हैदराबाद सीनियर डिवीजन लीग के खिलाड़ी रह चुके हैं। सानिया के मामा फैयाज हैदराबाद रणजी टीम में विकेट कीपर रहे हैं। सानिया ने 12 अप्रैल 2010 को पाकिस्तान के मशहूर क्रिकेटर शोएब मलिक के साथ विवाह किया। हालांकि इस दौरान कई विवादों में भी उनका नाम शामिल रहा, लेकिन वह अपने फैसलों पर अडिग रहीं और उन्हें सही साबित किया।

# मुंबई इंडियन्स अमीरात ने हरफनमौला खेल के दम पर शारजाह वॉरियर्स को हराया




अबु धाबी। मोहम्मद वसीम की 71 रन की आक्रामक पारी के साथ वेस्टइंडीज की निकोलस पूरन, कीरोन पोलार्ड और ड्वेन ब्रावो की तिकड़ी की तेज तर्रार बल्लेबाजी के दम पर मुंबई इंडियन्स अमीरात ने इंटरनेशनल लीग टी20 (आईएलटी20) में शनिवार को यहां शारजाह वॉरियर्स को 49 रन से हराकर टूर्नामेंट में अपने अभियान का शानदार आगाज किया। मुंबई इंडियन्स अमीरात ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 204 रन का स्कोर खड़ा करने के बाद शारजाह वॉरियर्स को नौ विकेट पर 155रन पर रोक दिया। मुंबई इंडियन्स अमीरात के स्थानीय खिलाड़ी वसीम ने पारी का आगाज करते हुए 39 गेंद में पांच चौके और इतने ही छक्के जड़े।

पूरन ने 30 गेंद में चार छक्के और दो चौके की मदद से 49 जबकि कप्तान पोलार्ड ने 13 गेंद में नाबाद 22 और ब्रावो ने 10 गेंद में नाबाद 20 रन का योगदान दिया। ब्रावो और पोलार्ड ने छठे विकेट के लिए 41 रन की अटूट साझेदारी की। शारजाह की टीम के लिए क्रिस वोक्स और जुनैद सिद्दीकी ने दो–दो जबकि मोहम्मद नबी ने एक विकेट लिए। नबी ने हालांकि चार ओवर में 50 रन खर्च किये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शारजाह की टीम को दूसरे ओवर में ही फजल हक फारुखी (27 रन पर दो विकेट) ने लगातार गेंदों पर एविन लुईस और डेविड मलान का विकेट चटकाया। दोनों खिलाड़ी बिना खाता खोले पवेलियन लौटे।

सलामी बल्लेबाज रहमानुल्ला गुरबाज ने इसके बाद कप्तान मोईन अली के साथ मिल कर टीम के स्कोर को 50 के पार पहुंचाया लेकिन ब्रावो ने आठवें ओवर में मोईन और 10वें ओवर में गुरबाज का विकेट चटकाकर शारजाह की मुश्किलें बढ़ा दी। गुरबाज ने 31 गेंद में सात चौके की मदद से 47 रन बनाए जबकि मोईन 15 गेंद में 16 रन का ही योगदान दे सके। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व खिलाड़ी इमरान ताहिर ने इसके बाद तीन विकेट झटक कर मैच पर पूरी तरह से मुंबई इंडियन्स अमीरात का दबदबा बना दिया। उन्होंने टॉम कोहलर काडमोर (10) , जो डेनली (नौ) और मोहम्मद नबी (तीन) को क्रीज पर ज्यादा समय बिताने का मौका नहीं दिया। इंग्लैंड के हरफनमौला वोक्स ने इसके बाद 29 गेंद में आठ चौके और दो छक्के की मदद से 62 रन बनाये लेकिन टीम के हार का अंतर ही कम हो सका। पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद वसीम ने पारी के दूसरे ओवर में नवीन उल हक के खिलाफ लगातार दो चौके जड़ आक्रामक तेवर दिखाये। वोक्स ने इस दौरान तीसरे ओवर में विल स्मीद को पवेलियन की राह दिखाकर शारजाह को पहली सफलता दिलाई पावर प्ले के आखिरी ओवर में जुनैद सिद्दीकी के खिलाफ आंद्रे फ्लेचर (22) ने हैट्रिक चौका लगाया और फिर सातवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आये कार्तिक मेयप्पन पर वसीम ने दो छक्के जड़े। वोक्स ने नौवें ओवर में विकेटकीपर गुरबाज के हाथोंफ्लेचर को आउट कर वसीम के साथ दूसरे विकेट के लिए 47 रन की उनकी साझेदारी को तोड़ा।10 ओवर के बाद मुंबई इंडियन्स अमीरात का स्कोर दो विकेट पर 79 रन था।

इसके बाद वसीम और पूरन से लगातार अंतराल पर गेंद को सीमा रेखा के पार भेजते हुए तेजी से बल्लेबाजी की। 11वें ओवर में नबी और 13वें ओवर में मोईन के खिलाफ 18 रन बने। वसीम ने 15वें ओवर में नबी के खिलाफ चौका और छक्का लगाया लेकिन तीसरी गेंद पर आउट हो गये। पारी के 17 ओवर में जुनैद के खिलाफ छक्का जड़ने के बाद पूरन ने भी पवेलियन की राह पकड़ ली। वसीम और पूरन ने तीसरे विकेट लिए 79 रन की आक्रामक साझेदारी की। ब्रावो ने 19वें ओवर में नवीन उल हक के खिलाफ हैट्रिक चौका लगाया तो वही पोलार्ड ने नबी के खिलाफ छक्का और चौका लगाया। ब्रावो ने पारी की आखिरी गेंद पर छक्का जड़कर टीम के स्कोर को 200 के पार पहुंचाया।

# दिव्यांग लोगों के लिये बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में विशेष सुविधायें

राउरकेला। ओडिशा के राउरकेला शहर में बिरसा मुंडा



अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में दिव्यांग व्यक्तियों के लिये विशेष सुविधायें और बैठने के लिये विशेष सीटें हैं ताकि वे बिना किसी परेशानी के मैच का आनंद ले सकें। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) इसे बैठने की क्षमता के मामले में दुनिया के सबसे बड़े हॉकी स्टेडियम के रूप में प्रमाणित कर चुका है जिसे महान आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा के नाम पर रखा है। ओडिशा के खेल सचिव आर विनीत कृष्णा ने कहा कि दिव्यांग हॉकी प्रशंसकों के लिये इंतजामात को और अनुकूल बनाने के लिये इस पर 'रैंप' बनाया गया है जो 'लिफ्ट' तक जाता है जिससे वे पहले तल के स्टैंड तक पहुंच सकते हैं। कृष्णा ने कहा, ''दिव्यांग व्यक्ति किसी भी गेट से स्टेडियम में प्रवेश कर सकते हैं। हमने हर ओर से उनके लिये सुविधा प्रदान की है। स्टेडियम में उनके लिये लगभग 100 सीटें आवंटित की गयी हैं।

# Biden के आवास पर और गोपनीय दस्तावेज मिले: व्हाइट हाउस

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो. बाइडन के डेलवेयर आवास से गोपनीय दस्तावेज के पांच अतिरिक्त पन्ने मिले हैं।



व्हाइट हाउस ने बताया कि इसके साथ ही अभी तक बाइडन के आवास से करीब 24 गोपनीय दस्तावेज बरामद हो चुके हैं। ये दस्तावेज ऐसे समय मिले हैं जब कुछ घंटे पहले व्हाइट हाउस अधिवक्ता कार्यालय ने एक बयान जारी करके बाइडन के आवास से एक गोपनीय दस्तावेज बरामद होने की जानकारी दी थी और अटॉर्नी जनरल मेरिक गारलैंड ने पूर्व अमेरिकी अटॉर्नी रॉबर्ट हुर को मामले की जांच करने के लिए विशेष अधिवक्ता नियुक्त किया था। इसके साथ ही बाइडन के डेलावेयर आवास और वाशिंगटन डीसी स्थित उनके निजी कार्यालय से बरामद दस्तावेजों की कुल संख्या तकरीबन 24 हो गयी है। बहरहाल, इन दस्तावेजों की विस्तृत जानकारियां अभी पता नहीं है लेकिन ये उस दौर के हैं जब बाइडन 2009 से 2016 तक बराक ओबामा प्रशासन में उपराष्ट्रपति थे। आमतौर पर अपना सप्ताहांत डेलावेयर के विलमिंगटन आवास पर बिताने वाले बाइडन शुक्रवार शाम को वहां पहुंचे थे। व्हाइट हाउस के विशेष अधिवक्ता रिचर्ड सॉबर ने शनिवार को एक बयान में कहा कि बुधवार रात को बाइडन के गैराज से सटे एक कमरे में एक गोपनीय दस्तावेज बरामद हुआ था। सॉबर ने कहा कि बाइडन के निजी वकीलों ने सुरक्षा अनुमति न होने के कारण बुधवार शाम को एक पन्ना मिलने के बाद आगे की तलाशी रुकवा दी थी। सॉबर को शेष सामग्री बृहस्पतिवार को मिली, जब वह न्याय विभाग के अधिकारियों को साथ लेकर पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि उनके साथ मौजूद विभाग के अधिकारियों ने दस्तावेजों को 'फौरन' जब्त कर लिया। गौरतलब है कि व्हाइट हाउस दस्तावेजों के संबंध में जनता के समक्ष पारदर्शिता की कमी को लेकर आलोचना का सामना कर रहा है। व्हाइट हाउस ने बृहस्पतिवार को कहा था कि बाइडन गोपनीय दस्तावेज और सूचना को ''बहुत गंभीरता'' से लेते हैं और उन्हें यह नहीं मालूम कि उनके निजी आवास और निजी कार्यालय से मिले गोपनीय दस्तावेजों में क्या है। इस बीच, रिपब्लिकन पार्टी ने व्हाइट हाउस से बाइडन के घरों की आगंतुक पुस्तिका जारी करने को कहा है लेकिन व्हाइट हाउस ने इस बारे में कुछ भी कहने से इनकार कर दिया कि क्या ऐसी जानकारी सार्वजनिक की जाएगी।

# ईरान ने जासूसी के आरोप में ईरानी-ब्रिटिश नागरिक को फांसी दी

दुबई। ईरान ने शनिवार को कहा कि उसने रक्षा मंत्रालय में काम कर चुके एवं दोहरी नागरिकता रखने वाले ईरानी–ब्रिटिश नागरिक को मृत्युदंड दे दिया है। मौत की सजा नहीं देने की अंतरराष्ट्रीय चेतावनी के बावजूद और ईरान को हिलाकर रखने वाले देशव्यापी प्रदर्शनों के बीच उसके इस कदम से पश्चिमी देशों के साथ तनाव और बढ़ने की आशंका है। शीर्ष सुरक्षा अधिकारी अली शामखानी के करीबी सहयोगी अली रजा अकबरी की फांसी ईरान के लोकतंत्र के भीतर चल रहे सत्ता संघर्ष का संकेत देती है जो सितंबर में महसा अमीनी की मौत के बाद जारी प्रदर्शनों को रोकने की कोशिश कर रहा है। यह स्थिति 1979 की क्रांति के बाद से इस्लामी गणराज्य के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। अकबरी की फांसी पर ब्रिटेन ने तत्काल कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की, जिसने इन विरोध प्रदर्शनों और यूक्रेन को निशाना बनाने वाले बम ले जाने वाले ड्रोन की आपूर्ति रूस को करने के कारण अमेरिका और अन्य देशों के साथ मिलकर ईरान पर प्रतिबंध लगाए हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा, ''यह एक क्रूर और कायरतापूर्ण कृत्य है, जिसमें एक बर्बर शासन ने अपने ही लोगों के मानवाधिकारों को कोई सम्मान नहीं दिया।'' विदेश मंत्री जेम्स क्लेवलरी ने ब्रिटेन में ईरान के प्रभारी राजदूत को तलब किया और अस्थायी रूप से तेहरान से ब्रिटेन के राजदूत को वापस बुला लिया क्योंकि ब्रिटेन ने इस्लामी गणराज्य के महाभियोजक को भी प्रतिबंधित कर दिया। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, ''ईरान



को हमारा यह जवाब सिर्फ आज तक सीमित नहीं है।'' फांसी के बाद ईरान ने इसी तरह ब्रिटिश राजदूत को भी तलब किया। ईरानी न्यायपालिका से जुड़ी 'मीजान' समाचार एजेंसी ने अली रजा अकबरी को फांसी दिए जाने की घोषणा की। फांसी कब दी गई इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। हालांकि, कहा जा रहा है कि उन्हें कुछ दिन पहले फांसी दी गई। ब्रिटेन की एमआई–6 खुफिया एजेंसी का जासूस होने का सबूत पेश किए बिना ईरान ने अकबरी पर जासूसी का आरोप लगाया था। ईरान की न्यायपालिका द्वारा जारी एक लंबे बयान में दावा किया गया कि अकबरी को खुफिया सेवा को जानकारी प्रदान करने के लिए लंदन में बड़ी रकम, ब्रिटिश नागरिकता और अन्य मदद मिली। निजी थिंक टैंक चलाने वाले अकबरी को 2019 के बाद से सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया। ऐसी आशंका थी कि उन्हें गिरफ्तार किया गया था। लेकिन इसकी विस्तृत जानकारी हाल के सप्ताह में सामने आई है। जासूसी और राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित अन्य अपराधों के अभियुक्तों पर आमतौर पर बंद दरवाजों के पीछे मुकदमा चलाया जाता है। मानवाधिकार समूहों का कहना है कि ऐसे अभियुक्त अपने लिए वकील तक खड़ा नहीं कर सकते और उन्हें अपने खिलाफ सबूत देखने की अनुमति नहीं होती है। ईरान के सरकारी टेलीविजन चौनल ने अकबरी का एक अत्यधिक संपादित वीडियो प्रसारित किया। इस वीडियो को सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जबरन कराया गया कबूलनामा बताया। 'बीबीसी' फारसी–सेवा ने बुधवार को अकबरी का एक ऑडियो संदेश प्रसारित किया, जिसमें उन्होंने यातना दिए जाने का वर्णन किया है। अकबरी ने ऑडियो में कहा, ''शारीरिक और मनोवैज्ञानिक तरीकों का इस्तेमाल करके उन्होंने मेरा मनोबल तोड़ा, मुझे पागल करने की तमाम कोशिशें की गईं और मुझे यह सब करने के लिए मजबूर किया गया। बंदूक के बल पर और जान से मारने की धमकी देकर उन्होंने मुझसे झूठे दावों को कबूल करवाया।'' ईरान ने यातना के दावों पर कोई टिप्पणी नहीं की है। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने अकबरी की मौत की सजा की निंदा की है। ब्लिंकन ने कहा, ''हम उनके चाहने वालों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं और ईरान को उसकी दिखावटी सुनवाई और राजनीति से प्रेरित इस फांसी के लिए जवाबदेह ठहराते रहेंगे।''

ईरान के लिए अमेरिका के विशेष राजदूत रॉबर्ट मैली ने कहा कि वह अकबरी की फांसी से ''काफी दहल गए'' हैं। उन्होंने ऑनलाइन मंच पर लिखा, ''इस्लामिक गणराज्य की अन्यायपूर्ण हिरासत, जबरन कबूलनामा, दिखावटी मुकदमे और राजनीति से प्रेरित फांसी जैसे कृत्यों का अंत होना चाहिए।'' फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भी इस घटना की निंदा की जिसे उन्होंने ''एक जघन्य और बर्बर कृत्य'' कहा। जर्मन विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक ने इस फांसी को को ''ईरानी शासन का एक और अमानवीय कृत्य'' करार दिया।

# अदालत ने पत्रकार को दो दिन के लिए एफआईए की हिरासत में भेजा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की एक अदालत ने पूर्व सेना प्रमुख



जनरल (सेवानिवृत्त) कमर जावेद बाजवा के व्यक्तिगत कर की जानकारी लीक करने में संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार वरिष्ठ पत्रकार को शनिवार को दो दिन की संघीय जांच एजेंसी की हिरासत में भेज दिया। 'बोल न्यूज' के पत्रकार शाहीद असलम को संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने शनिवार को लाहौर से गिरफ्तार किया था और उन्हें इस्लामाबाद की अदालत में पेश किया गया। अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद जिला एवं सत्र अदालत के न्यायिक मजिस्ट्रेट उमर शब्बीर ने असलम को दो दिनों के लिए एफआईए की हिरासत में भेज दिया। अदालत में असलम ने अपने खिलाफ लगे सभी आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि ऐसा कोई सबूत नहीं है, जिससे पता चले कि उन्होंने कुछ भी गलत किया है। उन्होंने कहा कि वह एक पेशेवर पत्रकार के रूप में लंबे समय से संघीय राजस्व ब्यूरो (एफबीआर) को कवर कर रहे हैं। पत्रकार के खिलाफ मामला खोजी समाचार वेबसाइट 'फैक्टफोकस' की एक रिपोर्ट पर आधारित है। वेबसाइट ने एक लेख में पिछले साल नवंबर में तत्कालीन सेना प्रमुख और उनके परिवार पर गत छह वर्षों में 12.7 अरब रुपये की संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाया था। बाजवा पिछले साल 29 नवंबर को फौज से सेवानिवृत्त हो गए थे।

# January के पहले दो सप्ताह में FPI ने शेयर बाजारों से 15,000 करोड़ रुपये निकाले

नयी दिल्ली। दुनिया के कुछ हिस्सों में कोविड संक्रमण के मामले बढ़ने और अमेरिका में मंदी की चिंता के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जनवरी के पहले सप्ताह में भारतीय शेयर बाजारों से 15,000 करोड़ रुपये निकाले हैं। एफपीआई पिछले कुछ सप्ताह से भारतीय शेयर बाजारों के प्रति सतर्क रुख अपना रहे हैं। कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड के इक्विटी शोध (खुदरा) प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा कि आगे चलकरएफपीआई के प्रवाह में उतार–चढ़ाव रहेगा। हालांकि, घरेलू और वैश्विक स्तर पर मुद्रास्फीति अब नीचे आ रही है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, एफपीआई ने दो से 13 जनवरी के दौरान भारतीय शेयर बाजारों से 15,068 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है। जनवरी के 10 कारोबारी सत्रों में सिर्फ दो दिन एफपीआई शुद्ध लिवाल रहे हैं। इससे पहले एफपीआई ने दिसंबर में शेयर बाजारों में शुद्ध रूप से 11,119 करोड़ रुपये डाले थे। नवंबर में उन्होंने शुद्ध रूप से 36,239 करोड़ रुपये का निवेश किया था। कुल मिलाकर एफपीआई ने 2022 में भारतीय शेयर बाजारों से 1.21 लाख करोड़ रुपये निकाले थे। इसकी प्रमुख वजह वैश्विक स्तर पर केंद्रीय बैंकों द्वारा आक्रामक तरीके से ब्याज दरों में वृद्धि, विशेषरूप से फेडरल रिजर्व का आक्रामक रुख, कच्चे तेल की कीमतों में उतार–चढ़ाव और रूस–यूक्रेन युद्ध की वजह से जिंस कीमतों में तेजी है। बीता साल एफपीआई प्रवाह के लिहाज से सबसे खराब रहा है। इससे पिछले तीन साल में एफपीआई भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध निवेशक रहे थे। मॉर्निंगस्टार इंडिया के एसोसिएट निदेशक–प्रबंधक शोधा हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, ''दुनिया के विभिन्न स्थानों में अब भी कोविड का खतरा बना हुआ है। इसके अलावा अमेरिका में मंदी को लेकर चिंता एफपीआई को भारत जैसे उभरते देशों में निवेश से रोक रही है।'' जनवरी में एफपीआई ने शेयरों के अलावा ऋण या बॉन्ड बाजार से भी 957 करोड़ रुपये की निकासी की है। भारत के अलावा इंडोनेशिया में एफपीआई का प्रवाह नकारात्मक रहा है। हालांकि, फिलिपीन, दक्षिण कोरिया और थाइलैंड के बाजार में वे शुद्ध लिवाल रहे हैं।

## ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्तिकी मौत

देवरिया।। सदर रेलवे स्टेशन पर नव निर्मित फुटब्रिज के नीचे दोपहर आम्रपाली एक्सप्रेस की चपेट में आने से मौके पर ही एक व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवा दिया। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। जीआरपी को सूचना मिली कि फुटब्रिज के नीचे रेल लाइन नंबर दो पर ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। खबर मिलने पर सुरक्षा कर्मी पहुंचे। व्यक्ति की जेब से सात टिकट मिले। इसमें हाल ही में बरसोई जंक्शन से बरेली जाने के लिए जनरल टिकट था। साथ ही एक पर्ची भी मिली, जिस पर लिखा था कि आम्रपाली से गोरखपुर जाना फिर वहां से ट्रेन बदलकर बरेली जाना है। जीआरपी प्रभारी सुधाकर उपाध्याय ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हुई है। उसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। शव को मोर्चरी में रखा गया है। मृतक की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

## रेलवे ओवरब्रिज की रेलिंग से टकराई बाइक, युवक की मौत

गौरी बाजार/देवरिया। कस्बे में रुद्रपुर–गौरीबाजार मार्ग पर स्थित रेलवे ओवरब्रिज की रेलिंग से ..देर रात तेज रफ्तार से आ रही एक अनियंत्रित बाइक टकरा गई। इससे बाइक सवार युवक ब्रिज से नीचे गिर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। युवक ने हेलमेट नहीं पहना था। सदर कोतवाली क्षेत्र के घटैला गाजी गांव निवासी शैलेश प्रसाद (20) पुत्र राम प्रवेश मजदूरी कर परिवार का भरण–पोषण करता था।किसी काम से रुद्रपुर में अपनी रिश्तेदारी में गया था। देर रात करीब 11 बजे बाइक से घर लौट रहा था। अभी वह गौरी बाजार कस्बे के रेलवे ओवरब्रिज के मध्य पहुंचा था कि घने कोहरे के कारण उसकी बाइक अनियंत्रित होकर ओवरब्रिज की रेलिंग से टकरा गई। बाइक की रफ्तार इतनी तेज थी कि रेलिंग से टकराने के बाद युवक ओवरब्रिज की रेलिंग पार कर नीचे गिर गया। सिर में चोट लगने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक नवीन सिंह ने बताया कि हादसे में एक युवक की मौत हो गई है।

## महादेवा ताल में मिला हिमालयन सफेद गिद्ध, चलने में असमर्थ, ले गई वन विभाग की टीम

देवरिया । कानपुर के बाद अब देवरिया के गड़ेर स्थित महादेवा ताल में एक सफेद गिद्ध देखा गया। जानकारी होने पर आसपास के लोग जुट गए। किसी ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। वन कर्मी उसे साथ पौधशाला ले आए। वह खड़ा नहीं हो पा रहा था। जिस तरह आठ जनवरी को कानपुर में हिमालयन गिद्ध मिला था उसी तरह का एक गिद्ध गड़ेर गांव के पश्चिम महादेवा ताल में कुछ लोगों ने देखा। कोहरा होने के कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा था। हिम्मत जुटाकर किसी तरह लोग उसके नजदीक पहुंचे तो देखे कि वह विशालकाय गिद्ध था। वह उड़ नहीं पा रहा था। ग्रामीणों ने ठंड जान उसके पास आग जलाया, बावजूद वह खड़ा नहीं हो पा रहा था। सूचना पर वन दरोगा ओंकार द्विवेदी चार सदस्यीय टीम के साथ पहुंच गए। उन्होंने बताया कि हिमालयन गिद्ध की तरह है। बरहज स्थित पौधशाला में गिद्ध को रखा गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। फारेस्ट रेंजर रवींद्र कुमार ने बताया कि जानकारी होने पर टीम गई थी। उसके पैर में दिक्कत लग रही है, जिससे खड़ा नहीं हो पा रहा है। उसका इलाज कराया जा रहा है।

## एंबुलेंस में ही चालक और ईएमटी ने महिला का कराया सुरक्षित प्रसव

भाटपाररानी। महिला को प्रसव कराने के लिए एंबुलेंस से घर से अस्पताल ले जाते समय असह्य पीड़ा होने पर रास्ते में ही एंबुलेंस रोककर चालक और ईएमटी ने सुरक्षित प्रसव कराया। उसके बाद जच्चा–बच्चा को भाटपाररानी अस्पताल के प्रसव केंद्र पर लाकर भर्ती करा दिया। विकासखंड भाटपाररानी के ग्राम जैतपुरा निवासी छोटेलाल की पत्नी सुगंधी देवी को प्रसव पीड़ा होने लगी। परिजनों ने आशा लाल चुन्नी को बुलाया। आशा ने 102 पर कॉल किया। एंबुलेंस पहुंचने पर महिला को लेकर आशा भाटपाररानी प्रसव केंद्र के लिए जा रही थी। इसी बीच रास्ते में रघुनाथपुर के समीप महिला को प्रसव की तेज पीड़ा होने और महिला के चिल्लाने पर चालक संजय पांडेय ने गाड़ी किनारे खड़ी कर दी। ईएमटी रामायण यादव, चालक तथा आशा ने प्रयास कर कुशलता से महिला को प्रसव कराया। उसके बाद जच्चा–बच्चा को अस्पताल पहुंचाकर भर्ती कराया गया। चिकित्सा प्रभारी डॉ. इमाम हुसैन सिद्दीकी ने बताया कि जच्चा–बच्चा दोनों सही–सलामत हैं। परिजनों ने भी प्रसन्नता व्यक्त की है।


## शुगर मिल हाटा ने 30 दिसंबर तक किया गन्ने का भुगतान

कुशीनगर। जनपद के अवध शुगर एंड एनर्जी लिमिटेड यूनिट न्यू इंडिया शुगर मिल्स हाटा द्वारा 30–12–2022 तक क्रय किये गए गन्ने का गन्ना मूल्य रुपये 8022.56 लाख रुपये का भुगतान कृषकों के बैंक खाते में भेज दिया है।चीनी मिल द्वारा दिनाँक 11–01–2023 तक 34.11 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई की जा चुकी है। उक्त जानकारी चीनी मिल के अधिशासी अध्यक्ष करन सिंह द्वारा प्रेस वार्ता में दी है। चीनी मिल के उपाध्यक्ष गन्ना सुरेंद्र उपाध्याय ने बताया कि बहुत से किसानों द्वारा पौधा गन्ना की आपूर्ति की जा रही है। जिससे किसान तथा चीनी मिल दोनों को भारी नुकसान हो रहा है। इस समय पौधा गन्ना काटने से पेड़ी का फुटाव अच्छा नही होगा। साथ ही साथ यह भी देखा जा रहा है कि कुछ किसान भाई बिना पर्ची के मैसेज के ही गन्ने की कटाई कर दे रहे हैं। जिससे सूखा और बासी गन्ना जिनकी जड़े काली हो जा रही हैं। ऐसा गन्ना मिल में आपूर्ति कर रहे हैं। इस प्रकार के गन्ने को किसी भी स्थिति में खरीद नही की जायेगी और इसे वापस कर दिया जाएगा। उन्होंने किसान भाइयों से अनुरोध किया है कि किसी भी परेशानी से बचने के लिए साफ सुथरा गन्ना ही मिल में आपूर्ति करें और अनावश्यक परेशानियों से बचें।

## नेपाल में विमान दुर्घटना, अभी तक 40 शव बरामद, बचाव कार्य जारी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

काठमांडू। नेपाल के पोखरा अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर। ज्त् 72 विमान लैंडिंग से पहले क्रेश के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। नेपाल पुलिस के अनुसार अभी तक 40 शवों को बरामद किया गया है। विमान काठमांडू से पोखरा जा रहा था। बचाव कार्य जारी है। काठमांडू पोस्ट की खबर के मुताबिक पुराने हवाई अड्डे और पोखरा अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे के बीच दुर्घटनाग्रस्त हुआ। और सेती नदी खाई में जा गिरा येति एयरलाइंस। ज्त् 72 के विमान में कुल 68 यात्री और चालक दल के चार सदस्य सवार थे। विमान तकनीकी खराबी के कारण अनियंत्रित हो गईं। विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ। विमान में 5 भारतीय 4 रूसी नागरिक भी यात्रा कर रहे थे।



# महिला पहलवानों ने दिखाई जीतने की जिद

## स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रदेश भर से जुटीं महिला पहलवानों ने की जोर–आजमाइश

देवरिया। रवींद्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में तीन साल बाद आयोजित हो रहे प्रदेश स्तरीय मुकाबले में कुश्ती क्षेत्र में तैयार हो रही नई ऊर्जा का जोश व जुनून देखने को मिला। सब जूनियर कुश्ती प्रतियोगिता के दौरान प्रदेश के 10 मंडलों एवं अयोध्या छात्रावास एवं वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज की उभरती पहलवानों ने अपने खेल से दिखाया कि नई तकनीक, लगातार अभ्यास व मेहनत और समय के साथ खुद को बदलते रहने की जिद की बदौलत इस खेल में उनका उज्जवल भविष्य है। प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालिका कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने किया। डीएम ने कहा कि जिले का सौभाग्य है कि यहां के क्रीड़ाधिकारी कुश्ती के उच्चस्तरीय प्रशिक्षक हैं। जनपद का आतिथ्य स्वीकार करने के लिए उन्होंने सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों के प्रति आभार जताया।

क्रीड़ाधिकारी राज नारायण प्रसाद ने मुख्य अतिथि को बुके व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश के कुल 10 मंडल, एक स्पोर्ट्स कॉलेज व एक छात्रावास की टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। आने वाले हर अतिथि का जिला खेल कार्यालय की ओर से साफा बांधकर स्वागत किया गया।

12 ऑफिशियल एवं निर्णायकों में संगीता सिंह, अंजु मलिक, ओम प्रकाश यादव, रामानंद यादव, कुलविंदर, अमरनाथ यादव, पंकज यादव ने रेफरी का कार्य किया, जबकि सुभाष चंद्र, भारद्वाज, गोरखनाथ यादव, आदेश कुमार ने मैट चेयरमैन व संचालन प्रेम शंकर तिवारी व रामसजन यादव ने किया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के महासचिव प्रेम कुमार मिश्रा, कोषाध्यक्ष प्रेमशंकर तिवारी, जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष सूरज सिंह सेंगर, सचिव आशुतोष तिवारी, जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष संजय केडिया, खेलो इंडिया के प्रशिक्षक यशवंत सिंह, ब्लॉक प्रमुख बरहज निखिल सिंह राजा, गिरधारी पहलवान, शत्रुघ्न राय आदि उपस्थित रहें।

उद्घाटन मुकाबले में अयोध्या छात्रावास की नेहा गुप्ता रहीं विजयी

खिले धूप व खेल कार्यालय के सामने बिछे मैट पर नाकआउट आधार पर पहला मुकाबला 65 किलो भार वर्ग में अयोध्या छात्रावास की नेहा गुप्ता जो जिले की ही निवासी हैं और आगरा मंडल की विनीता के मध्य खेला गया। इसमें रेड कलर कास्ट्यूम में नेहा ने शुरुआती दौर में ही एक अंक से खाता खोल दिया। इसके बाद प्रतिद्वंद्वी को उठा के गिरा दिया और अंत में 6–2 के अंतर से विजयी घोषित की गई।

दूसरा मुकाबला 65 किलो वर्ग में भूमि सिंह मुरादाबाद व रिंकी तोमर के मध्य हुआ। इसमें भूमि ने पहले ही मिनट में बाजी अपने नाम कर ली। कल्पना कानपुर व सोनम यादव आजमगढ़ के बीच जोरदार टक्कर हुई, इसमें 5–3 के अंतर से सोनम जीतीं। स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर की अनामिका व रंजना, खुशी परिहार स्पोर्ट्स कॉलेज व रिया चौधरी सहारनपुर के बीच हुई जबरदस्त कुश्ती की भी खेलप्रेमियों ने खूब तारीफ की। क्रीड़ाधिकारी ने बताया कि रविवार को 10 भर वर्ग में सेमीफाइनल व फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे।

इन मंडलों के खिलाड़ियों ने पहले दिन मुकाबले जीत सेमीफाइनल में बनाई जगह

40 किलोग्राम भार वर्ग में वैष्णवी पटेल वाराणसी, कोमल सोनकर देवीपाटन, अंशू यादव आजमगढ़, रितिका रानू आगरा, 43 किलोभार वर्ग में शशि पटेल देवीपाटन, सोनी आगरा, नेहा पाल वाराणसी, वैष्णवी सिंह गोरखपुर, 46 किलो वर्ग में अंकिता चौबे गोरखपुर, करिश्मा त्रिपाठी वाराणसी, अनू यादव आजमगढ़, मानसी यादव गोरखपुर, 49 किलो वर्ग में माला यादव वाराणसी, शालिनी यादव अलीगढ़, मोनिका कानपुर, वंदना अयोध्या छात्रावास, 53 किलो वर्ग में आंचल यादव आजमगढ़, शिखा सरोज गोरखपुर, अंजू पाल देवीपाटन, अंजली मेरठ, 57 किलो वर्ग में कल्पना तिवारी देवीपाटन, सुहानी तोमर मुरादाबाद, रिया चौधरी सहारनपुर, रेनू राणा मेरठ, 61 किलो भार वर्ग में वसुंधरा यादव वाराणसी, शिल्पी स्वराज आजमगढ़, अनामिका साहनी स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर, नेहा मेरठ, 65 किलो वर्ग में नेहा गुप्ता अयोध्या, खुशबू वाराणसी, भूमि सिंह मुरादाबाद, अवंतिका सहारनपुर, 69 किलो वर्ग में ज्योति कानपुर, अंतिमा सिंह देवीपाटन, सोनी यादव अयोध्या, आंचल कुमारी स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर, 76 किलोग्राम भार वर्ग में आंचल राजभर देवीपाटन, कामिनी वाराणसी, वंशिका मेरठ, दिंव्याश कानपुर ने अपनी प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ जोर–आजमाइश के बाद बाजी अपने नाम की।

## जनपद मे 11184 मृतकों के खाते में जाता रहा वृद्धा पेंशन, आधार सीडिंग के बाद उजागर हुआ मामला

कुशीनगर। जनपद मे 11184 मृत्यु लोगो के खाते मे जा रहा था वृद्धा पेंशन। इसका खुलासा तब हुआ जब शासन के तरफ से पेंशन धारकों की आधार सीडिंग कराने के आदेश हुआ। आधार सीडिंग के बाद यह मामला सामने आया कि 11,184 लोगों की मौत के बाद भी खाते में पेंशन की रकम भेजी जा रही थी। हालांकि विभाग को जब इसकी जानकारी हुई तो इन पेंशनो को बंद करने के साथ ही बैंकों को पत्र भेजकर कर भेजी गयी रकम को सरकारी कोष में जमा कराने की कवायद शुरू की गयी है। काबिलेगौर है कि जिले में 1 लाख 34 हजार 298 वृद्धा पेंशन के लाभार्थी हैं। इनके खाते में पूर्व की तरह ही शासन के तरफ से भेजी जा रही पेंशन योजना की रकम जाती रही है। तीन माह पूर्व शासन ने सभी पेंशन धारकों के खातों को आधार से लिंक करने का आदेश दिया । इसके बाद जिले के अधिकारियों ने अभियान चलाकर आधार को लिंक कराने का कार्य शुरु कराया। समाज कल्याण विभाग द्वारा सभी वृद्धा पेंशन धारकों का आधार सीडिंग कराने के दौरान यह उजागर हुआ कि कुशीनगर जनपद में 11 हजार 184 ऐसे लोग हैं जिनकी मृत्यु हो चुकी है। बावजूद इसके उनके खाते में पेंशन की रकम भेजी गयी है। फिर क्या, आनन–फानन मे विभाग द्वारा कर्मचारियों को लगाकर इनका सत्यापन कराया गया और उनके खाते को फ्रीज कराकर रकम को सरकारी खाते मे वापस मंगाने के लिये बैंकों को पत्र भेजा गया है। समाज कल्याण विभाग के पत्र का असर यह रहा कि कुछ बैंकों ने अब तक मृतकों के बैंक खाते में भेजी जा चुकी करीब 20 लाख रुपये पेंशन की धनराशि को सरकारी खाते मे जमा करा दिया है। कई बैंकों से अभी रकम वापस आना शेष है। पेंशनरों की आधार सीडिंग का कार्य अभी चल रहा है। इसमें अभी और संख्या बढ़ने का अनुमान है। बताया जाता है कि जिस पेंशन धारक के खाते से आधार सीडिंग नहीं होगी, उनके खाते में पेंशन की रकम नहीं भेजी जायेगी। जिला समाज कल्याण अधिकारी विपिन कुमार पांडेय ने बताया कि जो भी पेंशन धारक आधार सीडिंग नहीं कराये हैं। उनका पेंशन रोक दिया गया है। जिन लाभार्थियों की मृत्यु हो गयी है और उनके खाते में पेंशन की रकम चली गयी है, उनका पैसा वापस कराने के लिए बैंकों को पत्र लिखकर संपर्क किया जा रहा है। पेंशन की रकम को सरकारी कोष में जमा कराया जा रहा है।

## पुलिस ने दोनो पक्षों की तहरीर पर दर्ज किया मुकदमा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

दुर्गापुर, नौतनवां। नौतनवां थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत दुर्गापुर चौराहे पर बीते शुक्रवार को हुई मारपीट के मामले मे रविवार को दोनो पक्षो की तहरीर पर नौतनवा पुलिस ने कुल आठ लोगो पर गंभीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज का जांचपड़ताल शुरू किया है। बताते चले कि प्रथम पक्ष शंकर पुत्र चम्मन भारती निवासी ग्राम अचलगढ़ नर्सरी थाना पुरन्दरपुर जो नौतनवा थाना क्षेत्र के दुर्गा पुर चौराहे पर स्थित एक टेट की दुकान पर रहकर काम करता है। उसी के तहरीर पर नौतनवा पुलिस ने कृष्ण शंकर सिह, आयुष सिह, एव सुगन्धि सिह के खिलाफ आईपीसी की धारा 323ध504ध341धएससी एसटी के तहत मुकदमा दर्ज किया है। वही दुसरे पक्ष से कृष्ण शंकर सिह निवासी दुर्गा पुर के तहरीर पर पुलिस ने पांच लोग शंकर, विशूनदेव, रामप्रीत, रामतिलक, एव रामदेव पर आईपीसी की धारा 147ध323ध504ध506ध452ध427 दर्ज कर मामले की जाच पडताल मे जुटी है। वही इस सन्दर्भ मे थानाध्यक्ष नौतनवां सत्यप्रकाश सिह ने बताया की दोनों पक्षो से मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पडताल किया जा रहा है।

## फाइनल मैच में रावतपार की टीम ने डाड़ी की टीम को दी शिकस्त

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोला,गोरखपुर। गोला क्षेत्र के ग्राम पंचायत डेहरीभार में राजपूत कैनवस बाल ओपन क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच रविवार को खेला गया। जिसमें रावतपार ने टॉस जीतकर पहले बोलिंग करने का निर्णय लिया।पहले बैटिंग करने उतरी डाँड़ी की टीम ने अपने निर्धारित 15ओवर के मैच में 124रन पर ही सिमट गई। जीत के लिए 125रन का विजय लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये उतरी राउतपार की टीम ने 7 विकेट से मैच जीत कर टॉफी पर कब्जा कर लिया। इस मैच में मैन आफ द मैच ज्ञानू और मैन ऑफ द सीरीज राजू यादव रहे। राजू यादव पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन 187 रन व 12 विकेट लिये। इस मैच में अम्पायर विशाल सिंह एवं सचिन उपाध्याय, स्कोरिंग का कार्य राणा उत्कर्ष सिंह और कमेंट्रेटर विकेश यादव रहे। यहां पर प्रमुख रूप से प्रधान प्रतिनिधि डा. राणा सत्यप्रकाश सिंह, राणा रत्नाकर सिंह, समाज सेवी जेलर शाही, रामु सिंह, राणा रिशु सिंह सिसौदिया, राणा कुशाग्र सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।




## विवाहिता को मारने पीटने के बाद जलाने का किया गया प्रयास

### नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर कुर्मीपट्टी का मामला

कुशीनगर । जनपद के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर उर्फ कुर्मी पट्टी गांव में दहेज के लिए ससुरालियों ने विवाहिता पर ढाये जुल्म–ओ–सितम। ससुरालियों पर आरोप है कि विवाहिता को बेरहमी से मारने – पीटने के साथ–साथ बाल काटकर उसे जमीन पर घसीटा और उसके शरीर, निजी अंगों पर मिर्च का पाउडर डालने के बाद जलाने का भी प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर विवाहिता को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के बाद मां के साथ थाने पहुंची विवाहिता की तहरीर पर छह नामजद सहित सात लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारने पीटने, बंधक बनाने, यौन उत्पीड़न सहित अन्य धाराओं में पुलिस मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश में जुटी है। जानकारी के अनुसार लक्ष्मीपुर उर्फ कुर्मी पट्टी गांव के डाढ टोला निवासी विनोद शर्मा परदेस में रहकर कमाते हैं। उनकी शादी आठ साल पूर्व जावित्री उर्फ गौरी संग हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले गौरी का दहेज के लिए उत्पीड़न करते थे। आठ दिसंबर 2022 की रात करीब 12 बजे जावित्री उर्फ गौरी अपने कमरे में दोनों बच्चों संग सो रही थी। तभी उसकी चचेरी सास दुर्गावती, सिरिंजा, लालमति, ससुर पराग, ननद सुमित्रा और नंदोई राममनोहर दरवाजा तोड़कर कमरे में घुसकर अचानक मारने–पीटने लगे। जावित्री उर्फ गौरी के रोने पर बच्चों को डरा–धमकाकर चुप करा दिया। विरोध जताने पर चचेरी सास सिरिंजा देवी अन्य लोगों की मदद से जावित्री उर्फ गौरी को उठाकर अपने घर में लेकर चली गई। वहां लोगों ने उसका हाथ–पैर रस्सी से बांधकर मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। बाल काटकर जमीन पर घसीटते हुए शरीर में मिर्च का पाउडर डाल दिया। इसके बाद भी जब आरोपितों को संतुष्टि नहीं मिली तो पेट्रोल गिराकर विवाहिता को जलाने का प्रयास किया। रात में शोरगुल सुनकर किसी ने पुलिस को घटना की सूचना दे दी। पुलिस के पहुंचने पर आरोपित भाग गए। पुलिस ने रस्सी खोलकर विवाहिता के मायके लोगों को जानकारी दी। जावित्री उर्फ गौरी को सीएचसी नेबुआ नौरंगिया ले जाया गया। वहां हालत गंभीर बताकर डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उपचार के बाद स्वास्थ्य में सुधार होने पर पीड़िता अपनी मां वंदना के साथ 23 दिसंबर को नेबुआ नौरंगिया थाने पहुंचीं। तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। जांच के बाद मुकदमा दर्ज करके पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। इस संबंध में नेबुआ नौरंगिया थानाध्यक्ष अतुल श्रीवास्तव का कहना है कि तहरीर के आधार पर छह नामजद सहित सात लोगो के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करके छानबीन की जा रही है। जल्द ही अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## भाई ने एक युवक पर साथियों संग बहन को गायब करने का लगाया आरोप

सागर विश्वकर्मा/

दैनिक बुद्ध का सन्देश

नौतनवां। घटना की लिखित तहरीर देने के बाद कार्यवाही नही होता देख भाई ने उच्च अधिकारियों को पत्र भेज लगाया न्याय की गुहार नौतनवां थाना क्षेत्र के वार्ड नं सात घन्श्याम निवासी समीम कुरैशी पुत्र शरीफ ने रविवार को पुलिस महानिरीक्षक गोरखपुर, राज्य महिला आयोग लखनऊ, जनसुनवाई पोर्टल, एव पुलिस अधिक्षक महराजगंज, को एक लिखित शिकायती पत्र दिया है। जिसमे पीडित समीम कुरैशी ने लिखा है कि घटना बीते 8ध1ध2023 की सुबह लगभग चार बजे की है। मेरी बहन शाहिदा खातून पुत्री शरीफ उम्र 22 वर्ष घर से निकली और कही चली गई।

जिसका काफी खोजबीन किया तो पता चला कि नगर के ही सरोजनी नगर वार्ड.नं 15 निवासी एक युवक मेरी बहन के साथ दिखाई दिया था। जिसकी लिखित नामजद तहरीर 9ध1ध2023 को थाने पहुचकर किया था। जिसपर नौतनवां पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर शांत बैठी है। पीडित ने अपने शिकायती पत्र में यह भी लिखा है आरोपी के खिलाफ हमने दो माह पूर्व भी लिखित शिकायत किया था। परन्तु नौतनवां पुलिस ने आज तक कोई भी कानूनी कार्यवाही नही किया। वही आरोपी युवक अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर मेरी बहन का अपहरण कर घटना को अजाम दिया है। मेरी बहन के साथ कोई घटना घटित होता है तो सारी जिम्मेदारी आरोपी युवक एव उसके परिजनों की होगी पीडित समीम कुरैशी ने उच्च अधिकारियों को पत्र भेज लगाया न्याय की गुहार।

## अश्लील प्रैंक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डालने वाला मनचला पहुंचा सलाखों के पीछे

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोरखपुर। कैंट पुलिस ने एक मनचले को गिरफ्तार करके सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। भाई साहब पार्को में लड़कियों को गुलाब का फूल देकर प्रपोज करते थे और अश्लील हरकतों के साथ वीडियो बनाते थे।सोशल मीडिया पर वीडियो डाल कर पैसा कमाने का ख्वाब देख रहे थे लेकिन इनका यह ख्वाब चकनाचूर हो चुका है। यह पहुंच गए हैं अपनी सही जगत सलाखों के पीछे। गोरखपुर के मशहूर व्यू पार्क में पिछले कुछ दिनों से अपने दोस्तों के साथ अमित नाम का यह युवक पार्क में मौजूद लड़कियों के साथ अश्लील प्रैंक वीडियो बनाता था और उसे सोशल मीडिया पर डालता था। इस वीडियो के साथ अश्लील गानों को भी जोड़ दिया जाता था। काफी दिनों से इसकी हरकत चर्चा में बनी हुई थी स्थानीय लोगों की शिकायत पर आज कैंट पुलिस ने इसे अश्लील हरकत करते हुए मौके से ही धर दबोचा। थाने लाकर ठीक–ठाक तरीके से खातिरदारी के बाद इन्हें हवालात में बंद कर दिया गया। इनका सारा बुखार वीडियो बनाने का उतर चुका है।

# 20 फरवरी को लखनऊ सम्मेलन को लेकर आदर्श समायोजित शिक्षक/शिक्षामित्र ने बनाई रणनीति

## जिला संरक्षक सुरेश मौर्या को एवं ब्लाक अध्यक्ष चतरा नीरज सिंह को बनाया गया

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। आदर्श समायोजित शिक्षकधशिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक रामलीला मैदान रॉबर्ट्सगंज में मांडलिक मंत्री (विंध्याचल) अजीत सिंह की अध्यक्षता में 20फरवरी को लखनऊ के रमाबाई पार्क में होने वाले सम्मेलन के सम्बंध में जिले एवं ब्लाक के पदाधिकारियों की ने एक स्वर में लखनऊ के कार्यक्रम को सफल आयोजन को रणनीति बनाकर लखनऊ चलने के लिए संकल्प लिया। शिक्षामित्र से अध्यापक बने प्राथमिक विद्यालय भटौलियाके सहायक अध्यापक सुरेश कुमार मौर्य को जिला संरक्षक के पद पर सर्व सम्मति से मनोनित किया गया। एवं नीरज सिंह को चतरा ब्लाक का अध्यक्ष मनोनित किया गया। जिलाध्यक्ष वकील अहमद खान लखनऊ रैली में जिले से सभी शिक्षामित्र भाईध्बहन लखनऊ पहुंचेंगे। लखनऊ में रमाबाई पार्क में केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर के सानिध्य में बेसिक शिक्षा मंत्री सहित प्रदेश अन्य मंत्री एवं विधायक गण रहेंगे। जिसमें शिक्षामित्रों की भीड़ ही उनका दिशा एवं दशा तय करेगा। जिला महामंत्री ने जिले के सभी2285 शिक्षामित्रों को लखनऊ चलने के लिए आहवान किया। जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविन्द सिंह ने कहा कि 20फरवरी को होने वाली रैली



ऐतिहासिक रहेगी। उस सम्मान सम्मेलन में 1.56लाख शिक्षामित्र अपने बाल बच्चों के साथ प्रतिभाग करेंगे। जिला सचिव गुलाब यादव ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री के द्वारा ही शिक्षामित्रों का सम्मान वापस होगा। सभी लोग अवसाद से ऊपर उठकर सम्मान समारोह में प्रतिभाग करें। महिला मोर्चा अध्यक्ष सुषमा झा ने कहा कि महिला शिक्षामित्र बहनें बस के द्वारा लखनऊ सम्मेलन में प्रतिभाग करेंगी।ब्लाक अध्यक्ष म्योरपुर हीरामणि विश्वकर्मा, ब्लाक अध्यक्ष बभनी रविन्द्र नारायण पाण्डेय, ब्लाक अध्यक्ष घोरावल रामरक्षा, ब्लाक अध्यक्ष नगवा उमाशंकर विश्वकर्मा, ब्लाक अध्यक्ष चतरा नीरज सिंह ने कहा कि सभी ब्लाकों से एक एक बस एवं ट्रेनों से शिक्षामित्र भाई बहन प्रतिभाग करेंगे। जिला संगठन मंत्री चंद्रभान ने कहा कि शिक्षामित्रों का स्थाई समाधान भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री के कर कमलों द्वारा 2023में वापस होगा। संचालन मीडिया प्रभारी सर्वेश मिश्र ने किया। इस मौके पर महिला मोर्चा महामंत्री सरिता मौर्या,जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र त्रिपाठी, संदीप सिंह, रामविलास राजेश चौबे, इस्ताक अली, जरबन मौर्या, सरोज अली अशोक पटेल, भोला नाथ जायसवाल, कल्पनाथ, मेवालाल, कमलेश कुमार, रामकृति, मो इमरान अली, मन्नू लाल, सुरेंद्र कुमार सिंह, राम सिंह, सुरेश सिंह आदि सैकड़ों शिक्षामित्र उपस्थित थे।

## अग्रसेन परिवार ने किया गौशाला में चारा दान

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। अग्रसेन परिवार द्वारा चलाए जा रहे हैं गौ सेवा



अभियान के तहत रविवार को मकर सक्रांति के अवसर पर विगत वर्ष की भांति इस वर्ष नगर स्थित गौशाला में पशुआहर, गुण, चोकर, दाल सहित अन्य वस्तुओं का दान किया गया। इस अवसर पर अग्रसेन परिवार के संयोजक धर्मराज जैन ने कहा कि हिंदू धर्म में गाय को माता कहा गया है। गाय का महत्व विज्ञान ने भी माना है और वैज्ञानिकों ने भी गाय के दूध को अमृत तुल्य माना है। वही राज कुमार अग्रवाल एवं रोशनी अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि गौ सेवा नारायण सेवा के समान है। सनातन धर्म में गौ को माता का दर्जा दिया गया है। चित्रा जालान ने कहा कि गौ सेवा करने से पुण्य की प्राप्ति होती है तथा गौ माता के स्पर्श मात्र से संकटो का निवारण होता है। इसलिए समाज के हर व्यक्ति को गौ माता की सेवा करनी चाहिए। कार्यक्रम मे मुख्य रुप से आशीष अग्रवाल, अमित जैन, पंकज कनोडिया, शैलू अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, रोशनी अग्रवाल, ज्योति मित्तल, उषा जैन, मनीषा अग्रवाल, अंजू सांवरिया, ज्योति, आशीष अग्रवाल, संजय, बाबु सावरिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## जनता दल (यू) के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री शरद यादव को दी गई श्रद्धांजलि

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। जनता दल यू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री, मंडल मसीहा माननीय शरद यादव का श्रद्धांजलि सभा का



आयोजन चौधरी चरण सिंह सिंचाई डाक बंगला में रामभरोसे सिंह की अध्यक्षता एवम् संचालन अतुल प्रताप पटेल ने किया। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि शरद यादव लोकसभा में 1974 से लगातार सात बार तथा राज्यसभा में चार बार प्रतिनिधित्व किया। शरद यादव 1979 में जबलपुर संसदीय सीट से उम्मीदवार के रूप में लोकसभा का चुनाव जीता देश में सामाजिक न्याय के मुद्दे पर हमेशा जोरदार आवाज बुलंद किया पिछड़ों के लिए 1989 में पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय वीपी सिंह सरकार में मंडल आयोग को लागू कराने में अग्रणी भूमिका रही तथा पूरे देश में मण्डल रथ लेकर मंडल कमीशन के लाभ को बताया माननीय शरद यादव जी भ्रष्टाचार को लेकर हमेशा संसद से लेकर सड़क तक मुखर रहे देश के ज्वलंत मुद्दे पर हमेशा संसद में आवाज उठाते रहे हैं सभा में राजेंद्र सिंह पूर्व विधायक, चौधरी यशवंत सिंह, श्याम बिहारी यादव, आर के शर्मा, इंजीनियर गुलाब सिंह, प्रमोद यादव, मनीष त्रिपाठी, डॉक्टर लोकपति सिंह, हरिहर चौहान अमरेश पटेल, विजय शंकर यादव, एड पवन कुमार सिंह, नारायण चौहान, अशोक, डॉक्टर कलीम, अमित सिंह पटेल लक्ष्मी नारायण पटेल, कमला विश्वकर्मा, राधेश्याम चौबे, प्रदीप चौहान, रामचंद्र सिंह, फतेह मोहम्मद, महानंद सिंह, सुरेश सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

## जन अधिकार पार्टी ने किया कंबल वितरण

दैनिक बुद्ध का सन्देश

रावर्ट्सगंज,सोनभद्र। मकर संक्रांति महापर्व के उपलक्ष्य में जन अधिकार पार्टी के वाराणसी मंडल प्रभारी सुमंत सिंह मौर्य




की अगुवाई में व सेवानिवृत्त अपर पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जनपद सोनभद्र के चतरा ब्लाक अंतर्गत ग्राम अइलकर में 200 निराश्रित एवं असहायों महिला, पुरुष में कंबल वितरण कर भोजन दान कराया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि जन अधिकार पार्टी के संभाग प्रभारी रीवा मध्यप्रदेश ने कहा कि गरीबों को मकर संक्रांति पर वस्त्र दान एवं भोजन दान कराना पुनीत कार्य है यह परंपरा सदियों पुरानी है कि मकर संक्रांति पर गरीबो को वस्त्र दान भोजन दान जरूर कराना चाहिए जिस काम को आज जन अधिकार पार्टी ने करने का काम किया है। कार्यक्रम आयोजन वारणसी मण्डल प्रभारी सुमन्त सिंह मौर्य ने कहा कि जन अधिकार पार्टी एक मात्र ऐसी पार्टी है जो आम जनमानस के सरोकारों से जुड़ी हुई है इसीलिए जन अधिकार पार्टी का मुख्य नारा है जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी जीवन के प्रत्येक क्षेत्रों में उतनी हिस्सेदारी लागू होनी चाहिए जिसकी लड़ाई जन अधिकार पार्टी के नेता बाबू सिंह कुशवाहा लड़ रहे है। यदि समाज के अंतिम व्यक्ति के होठों पर मुस्कान देखना है तो जीवन के प्रत्येक क्षेत्रों में संख्या के अनुपात में हिस्सेदारी सुनिश्चित करनी पड़ेगी। इसी क्रम में आज जन अधिकार पार्टी ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े निराश्रित असहाय हर समाज के जरूरतमंदों को कम्बल वितरण किया गया। इस मौके पर जन अधिकार पार्टी के जिला अध्यक्ष आदित्य मौर्य, विधानसभा अध्यक्ष रावर्ट्सगंज अनुरुद्ध सिंह, ओबरा प्रभारी अनिल सिंह मौर्य, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनीता मौर्य, कमलेश सिंह सहित अनेको लोग मौजूद रहे। वही चंद्रावती, दौलतिया, रामदुलारी, शंकर साहू, रामप्यारे केसरी, मैरून, गेंदरी, रामा वियार, धनराजी, हरखू शाह, हरखुशी, बसंती बियार, रामेश्वर नाई, रामदुलारी कनौजिया, लक्ष्मी राजभर, जमुना बिहार, वासुदेव दुसाद, नूर मोहम्मद, रमजान, मोहम्मदकी, बीरबल दुसाद, अली हुसैन, नटरु पटेल, संजीव पटेल, विशाल पटेल, शंभू पटेल, गौतम पटेल, गुंजन पटेल, बनवारी बिंद, संतरा यादव, दौलतिया बिंद, मंगली हलवाई, पुजारी कहार, कलावती विश्वकर्मा, प्रभावती प्रजापति सहित दो सौ लोगो को कम्बल वितरण किया गया।

## कलश यात्रा के साथ शुरू हुई संगीतमयी श्री राम कथा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

मसौली,बाराबंकी। ग्राम मसौली में रविवार से शुरू हुई संगीतमयी



श्री रामकथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुई। माली मोहल्ला दुर्गा मंदिर से निकली कलश यात्रा कल्याणी नदी से जल लाकर पूजन के साथ किया। नैमिष सीतापुर से पधारी प्रसिद्ध कथा व्यास रेखा शास्त्री ने बहुत ही सुन्दर ढंग से भक्तों को श्री राम कथा सुनाई। कथा व्यास रेखा शास्त्री ने प्रथम गणेश गौरी जी का तथा व्यास पीठ का पूजन किया तथा माता पार्वती और भगवान शिव जी के संवाद भारद्वाज यागवलिक और कागभूसुंडी जी के संवाद की चर्चा सुनाते हुए अयोध्या का पावन वर्णन किया जिस प्रकार श्रीराम अयोध्या और पावन सरयू नदी की उत्पति हुई वाह वृतांत सब भली प्रकार सुनाया कथा व्यास रेखा शास्त्री ने भगवान श्री राम लक्ष्मण और भरत शत्रुघ्न जी की सुंदर चर्चा सुनाई महाराज दशरथ जी के राजवंश में जो पहले राजा हुई उनकी कथा सुनाइए इसी श्रंखला में अयोध्या में जैसे पुत्रेष्टिक यज्ञ गुरुदेव की आज्ञा से करवाया वह सब चरित्र सुनाया किस प्रकार श्रृंगी ऋषि जी ने अयोध्या में पुत्रष्टिक यज्ञ किया और यह यज्ञ कितने दिन हुआ इस गुप्त रहस्य को प्रकट किया भव्य पंडाल में श्रद्धालु भक्त लोगों की अपार भीड़ रही। इस मौके पर सुरेश नाग पं उमेश कुमार दीक्षित पंकज नाग राजेश मौर्या संजय मौर्या सन्तोष नाग शिश कैलाश नाग जितेन्द्र रावत आदि भक्त मौजूद रहे।

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक
श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट-हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद-सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.-UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद-सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:- 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:- 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:- 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:- 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:- 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:- 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:- 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:- 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:- 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:- 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:- 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:- 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:- 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:- 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:- 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:- 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:- 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:- 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:- 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:- 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:- 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:- 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:- 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:- 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:- 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

## ब्राह्मण समाज ने जरूरतमन्दों को भोजन वितरण कर बांटा कम्बल

दैनिक बुद्ध का सन्देश

ओबरा,सोनभद्र। मकर संक्रांति के अवसर पर रविवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज ओबरा के सौजन्य से ब्राह्मण समाज ओबरा स्थित कार्यालय पर जरूरतमन्दों को भोजन व लाई चुड़ा व कम्बल वितरण का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम



का शुभारम्भ भगवान परशुराम के फोटो चित्र पर संयुक्त रुप से पूजन, वंदन व आरती के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें ब्राह्मण समाज ओबरा के अध्यक्ष नन्दलाल पाण्डेय ने कहा कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आये जरूरतमन्दों को भोजन वितरण किया गया साथ ही अत्यधिक ठंड के मौसम में बचाव हेतु जरूरतमन्दों को कम्बल वितरण कर उन्हें राहत पहुचाने का कार्य ब्राह्मण समाज द्वारा किया गया है। ब्राह्मण समाज के संरक्षक महेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि पौष माश में जब सूर्य धनु राशि को छोड़कर मकर राशि मे प्रवेश करता है तभी हिन्दू मकर संक्रांति मनाते है।इस दिन से ही सूर्य की उत्तरायण गति होती हैं। इस दिन जप, तप एवं दान जैसी क्रिया कलापों का विशेष महत्व हैं। इस अवसर पर महासचिव प्रभात पाण्डेय, सचिव देवानंद मिश्र, डॉ जीएन पाठक, राजीव दूबे, पुष्प राज पाण्डेय, प्रमोद त्रिपाठी, नरेंद्र नाथ त्रिपाठी, नरसिंह त्रिपाठी, रामनाथ त्रिपाठी, अनिल तिवारी, डॉ एके पाण्डेय, सुशील पाण्डेय, सुमन तिवारी, कृष्ण मोहन तिवारी, विकास मिश्र, संजीव मालवीय, एसके चौबे, एसएन पाण्डेय, कृष्ण बिहारी त्रिपाठी, अगस्त शुक्ला, उमेश शुक्ला, राजू पाठक, महेन्द्र त्रिपाठी, शशि कांत शुक्ला, ई रेवती रमन पाण्डेय, चंद्रशेखर पाण्डेय, सुधीर पाण्डेय, कृपा शंकर पाण्डेय, मनोज दूबे, दिनेश पाठक, मीडिया प्रभारी महेश पाण्डेय, आलोक मिश्रा, अंकित पाण्डेय, सहित तमाम ब्राह्मण बंधु उपस्थित रहे।

## समाजसेवी चौधरी जामी द्वारा 1500 जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया

दैनिक बुद्ध का सन्देश

दरियाबाद,बाराबंकी। गुजरते दिनों के साथ सर्दी ने तेज गति के साथ अच्छी तरह अपनी चादर को तान लिया है। और हर एक को पूरी तरह से ठंडक का एहसास होने लगा है और ठंड से शरीर में कंपकंपी भी महसूस होने लगी है और गरीबों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ऐसे हालात को देखते हुए बिना



किसी भेदभाव के समाजसेवी एवं अध्यक्ष पद के प्रत्याशी चौधरी अनवर हबीब उर्फ जामी ने 1500 गरीबों को सर्दी से बचाने के लिए कम्बल वितरण समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस कड़ाके की सर्दी में जरूरतमंदों की खबरगिरी करना और सर्दी से बचने के लिए उन्हें सामान मुहैया कराना इस समय सबसे अच्छा कार्य है और सेवा कोई एहसान नहीं है बल्कि यह एक जिम्मेदारी है जिसे हक दारों तक पहुंचाना है। जामी ने कहा कि ईश्वर ने अपने बन्दे की उस समय तक मदद करता रहता है जब तक बन्दा किसी दूसरे की मदद में लगा रहता है और यह भी कहा कि अगर हमारा पड़ोसी भूका सोता है तो यह बहुत बड़ा गुनाह है,हर व्यक्ती को अपनी हैसियत के मुताबिक कोशिश कर के एक दूसरे की मदद करनी चाहिए और मदद करने से ही मानवता जिंदा रह सकती है। गौरतलब हो कि चौधरी जामी सामाजिक कार्यों में हमेशा आगे–आगे रहते हैं, लॉकडाउन के दौरान भी उन्होंने गरीबों को राशन आदि पहुंचाने का काम किया और पिछले एक महीने से लगातार कस्बे में करीब 50 जगहों पर अलाव जला रहे हैं। इस अवसर पर मौलाना शकील अहमद नदवी, कारी मुदस्सिर दरियाबादी, मतीन अहमद किदवई, डॉ. हबीब अहमद, शकील हक्कानी, डॉ. नूर आलम, महमूद अहमद, कारी मोहम्मद आदिल, मिनूरूज्जमां, शेख अजहर अली, शाह आलम राईन, खुर्शीद अंसारी, हाजी मोहम्मद रफीक, हिलाल किदवई, मंसूर अहमद विशेष रूप से उपस्थित रहे।

